मुंबई, नवी मुंबई, ठाणे, पालघर, रायगढ़, नासिक, पुणे से एक साथ प्रकाशित

दो बजे

दोपहर

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

मुंबई में किसका होगा राज?

36 सीटों पर कांग्रेस-शिवसेना में फंसी बात

गठबंधन पर 'हां' लेकिन मुंबई के साथ कोई समझौता नहीं?

उद्धव ठाकरे कांग्रेस और शरद पवार के साथ गठबंधन करने के बाद भी मुंबई के साथ कोई समझौता करने के मूड में नहीं हैं। 2024 के लोकसभा चुनाव में मुंबई की छह संसदीय सीटों में से इंडिया गठबंधन में चार पर उद्धव की शिवसेना (यूबीटी) और दो पर कांग्रेस लड़ी थी। शिवसेना (यूबीटी) तीन सीटें जीतने में कामयाब रही और एक सीट पर उसे 48 वोटों से हार का सामना करना पड़ा। कांग्रेस ने अपने कोटे की दो में से एक सीट ही जीती। शिंदे की शिवसेना और बीजेपी मुंबई में सिर्फ एक-एक लोकसभा सीट ही जीत सकी है। 2024 के लोकसभा चुनाव के प्रदर्शन को देखते हुए उद्धव ठाकरे के हौसले बुलंद हैं। शिवसेना (यूबीटी) 2019 में जीती 19 सीटों को किसी भी सूरत में छोड़ना नहीं चाहती है। इतना ही नहीं 2019 में शिवसेना जिन 26 सीटों पर चुनाव लड़ा थी, उन पर फिर से किस्मत आजमाना चाहती है। कांग्रेस इसे लेकर राजी नहीं है। मुंबई में कांग्रेस का भी अपना सियासी आधार रहा है। इसीलिए कांग्रेस मुंबई की सीटों के लिए 50-50 का फॉर्मूला रख रखी है। ऐसे में 18 सीटों पर चुनाव लड़ने के जिद पर अड़ी है।

कौन पिएगा जहर का घूंट

दोपहर संवाददाता । मुंबई

महाराष्ट्र की सत्ता का फैसला का रास्ता मुंबई से होकर गुजरता है। राज्य में कुल 288 सीटें हैं। इनमे से 36 सीटें सिर्फ मुंबई में हैं। मुंबई की सियासत में कांग्रेस और शिवसेना का भी सियासी आधार रहा है। शिवसेना दो टुकड़ों में बंट जाने के बाद एक धड़ा उद्धव ठाकरे की अगुवाई वाली शिवसेना ने कांग्रेस से गठबंधन कर रखा है। एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना ने बीजेपी के साथ हाथ मिला रखा है। इस तरह शिवसेना के दोनों ही खेमे मुंबई की 36 में से

ज्यादा से ज्यादा सीटों पर चुनाव लड़ना चाहते हैं। कांग्रेस भी अपनी दावेदारी नहीं छोड़ रही है। इसके चलते मामला उलझता जा रहा है। ऐसे में अब देखना है कि किसे जहर का घूंट पीना पड़ता है?

मुंबई में कुल 36 विधानसभा सीटें हैं। कांग्रेस मुंबई की 36 में से 18 सीटों पर चुनाव लड़ना चाहती है। शिवेसना (यूबीटी) 20 से 22 सीटों पर दावेदारी कर रही है। इसके अलावा इंडिया गठबंधन के तीसरी सहयोगी शरद पवार की एनसीपी भी सात सीटें मांग रही है। वहीं, बीजेपी नेतृत्व वाले एनडीए में भी मुंबई की सीटों को लेकर सीट शेयरिंग का फॉर्मूला निकल नहीं पा रहा है। शिंदे की शिवसेना खुद को असली शिवसेना मानकर चल रही है। इसके चलते 18 से 20 सीटों पर चुनाव लड़ना चाहती है तो बीजेपी 20 से 25 सीट अपने पास रखने के मूड में है। अजीत पवार की एनसीपी ने भी 5 से 6 सीटों पर चुनाव लड़ने का प्लान बना रखा है।

किसी न किसी को पीना पड़ सकता है जहर का घूंट

2024 के विधानसभा चुनावों में मुंबई की 36 सीटों को लेकर इसीलिए घमासान होने का आसार है। इसके पीछे वजह यह है कि मुंबई रीजन में जो ज्यादा विधानसभा सीटें जीतेगा, उसे ही बीएमसी चुनावों के लिए मनौवैज्ञानिक बढ़त मिलेगी। कांग्रेस और उद्धव ठाकरे की शिवसेना ने जिस तरह मुंबई इलाके की सीटों को लेकर अपनी-अपनी डिमांड रख रही है, उसके चलते किसी न किसी को जहर का घूंट पीना पड़ सकता है।

उद्धव की शिवसेना इन सीटों पर लड़ना चाहती है चुनाव

शिवसेना (यूबीटी) ने मुंबई क्षेत्र की 36 सीटों में से जिन सीटों पर चुनाव लड़ने का प्लान बनाया है, उसमें दहिसर, वर्ली, बांद्रा पूर्व, डिंडोशी, कलिना, अंधेरी ईस्ट, विक्रोली, वडाला, कुर्ला, जोगेश्वरी, गोरेगांव, चारकोप, दादर-माहिम, चांदीवली, भांडुप, वर्सोना, शिवडी, चेंबूर, घाटकोपर, मगाथेन और अणुशक्ति नगर सीट पर चुनाव लड़ने की प्लानिंग ही नहीं बल्कि उम्मीदवार भी तय कर लिए हैं। कांग्रेस ने भी मुंबई की जिन 18 सीटों पर चुनाव लड़ने का मन बनाया है, उनमें धारावी, चांदीवली, मुंबादेवी, मलाड पश्चिम, सायन कोलीवाड़ा, कोलाबा, कांदिवली पूर्व, अंधेरी वेस्ट, वर्सोवा, बांद्रा पश्चिम, घाटकोपर पश्चिम, कुर्ला, बैकाल, जोगेश्वरी पूर्व, मालाबार हिल, माहिम, बोरीवली और चारकोप विधानसभा सीट है। इसी तरह एनसीपी ने भी अपनी सीटों का सेलेक्शन कर रखा है।

2019 के विधानसभा चुनाव परिणाम

2019 के विधानसभा चुनाव में बीजेपी-शिवसेना मिलकर लड़ी थी और 30 सीटें जीतने में सफल रही थी। शिवसेना ने मुंबई की 19 सीटों पर जीत हासिल की थी और बीजेपी ने 11 सीट पर। कांग्रेस और एनसीपी का गठबंधन था। कांग्रेस ने मुंबई की 28 सीटों पर चुनाव लड़कर सिर्फ 4 सीटें ही जीती थी। एनसीपी ने एक सीट पर कब्जा जमाया था। एक सीट समाजवादी पार्टी ने जीती थी। इससे पहले 2014 में भी चुनाव नतीजे ऐसे ही रहे थे।

मुंबई की सियासत में शिवसेना, बीजेपी और कांग्रेस का ही आधार रहा है, जबकि एनसीपी का प्रभाव महाराष्ट्र के ग्रामीण इलाकों में, खासकर मराठा और पश्चिम महाराष्ट्र के क्षेत्र में। कांग्रेस और शिवसेना के बीच ही मुंबई की लड़ाई होती रही है। 2019 के बाद से सियासी हालत बदल गए हैं। उद्धव ठाकरे की शिवसेना और शरद पवार की एनसीपी दो-दो धड़ों में बंट चुकी है। शिवसेना में बिखराव के बाद भी मुंबई के क्षेत्र में उद्धव ठाकरे ने अपनी राजनीति पर पकड़ को बनाए रखा है।

'जुबान काटने के बजाय दाग देनी चाहिए...'

हिंसक बयान पर भाजपा सांसद के खिलाफ मामला दर्ज

एजेंसी । अमरावती

कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बारे में हिंसक और विवादित बयान देने के मामले में पुलिस ने बुधवार को भाजपा के राज्यसभा सदस्य अनिल बोंडे के खिलाफ मामला दर्ज किया है। राहुल गांधी द्वारा आरक्षण को लेकर दिए गए बयानों को बोंडे ने खतरनाक कहा था। साथ ही कहा था कि ऐसे बयानों के लिए राहुल गांधी की जीभ दाग देनी चाहिए। उनके ऐसे बयानों से विवाद खड़ा हो गया था। भाजपा नेता बोंडे का कहना था कि आरक्षण के संबंध में राहुल गांधी के बयान से बहुजन और बहुसंख्यक समुदायों की भावनाएं आहत हुई हैं। गौरतलब है कि बोंडे के अलावा शिवसेना और भाजपा के अन्य नेताओं के जरिए भी राहुल गांधी के बारे में हिंसक टिप्पणियां की गई थीं जिनको लेकर बवाल मचा हुआ है।

कांग्रेस के धरने के बाद दर्ज हुई एफआईआर

इस मामले के विरोध में कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने शहर के पुलिस आयुक्त के कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन किया और मामले में FIR दर्ज करने की मांग की। धरने में अमरावती के सांसद बलवंत वानखेड़े, विधायक यशोमति ठाकुर, पूर्व मंत्री सुनील देशमुख समेत कांग्रेस के कई नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे। धरने के बाद पुलिस ने बोंडे के खिलाफ FIR दर्ज कर दी है।

भारत में खतरनाक रुख अख्तियार कर रहा मंकीपॉक्स

यूएई से लौटे व्यक्ति में हुई वायरस की पुष्टि

एजेंसी । तिरुवनंतपुरम

केरल के मलप्पुरम में एम्पॉक्स (मंकीपॉक्स वायरस) का मरीज मिला है। यह व्यक्ति यूएई से लौटा था। उसमें मंकीपॉक्स के लक्षण थे। जांच रिपोर्ट में वह एम्पॉक्स से संक्रमित पाया गया है। केरल के स्वास्थ्य मंत्री ने यह जानकारी दी है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक पोस्ट में उन्होंने कहा कि यूएई से लौटे व्यक्ति में जब एम्पॉक्स के लक्षण दिखे तो उसे इलाज के लिए भर्ती कराया गया, जहां जांच में वायरस की पुष्टि हुई।

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि जिन लोगों की विदेश यात्रा का इतिहास है, वे इस वायरस के लक्षण दिखने पर स्वास्थ्य विभाग को सूचित करें। अस्पतालों में इलाज और आइसोलेशन की व्यवस्था की गई है। नोडल अधिकारियों के फोन नंबर भी दिए गए हैं। इसके अलावा सभी मेडिकल कॉलेजों में इलाज की व्यवस्था की गई है। केरल से पहले दिल्ली के एक व्यक्ति में भी एम्पॉक्स यानी मंकीपॉक्स की पुष्टि हुई थी। दिल्ली में सामने आया मंकीपॉक्स का मामला देश का पहला केस था। वहीं, अब केरल में दूसरे मामले की पुष्टि हुई है।

ग्लोबल हेल्थ इमरजेंसी है मंकीपॉक्स

कुछ सप्ताह पहले विश्व स्वास्थ्य संगठन ने मंकीपॉक्स को वैश्विक स्वास्थ्य आपातकाल घोषित किया था। अफ्रीका में इस वायरस के लगातार बढ़ते मामलों को देखते हुए यह फैसला लिया गया। अफ्रीका के अलावा कई अन्य देशों में भी मंकीपॉक्स के मामले सामने आए हैं। यह वायरस दो साल पहले भी दुनिया के कई देशों में फैला था। उस समय दुनियाभर में इसके एक लाख से ज्यादा मामले सामने आए थे। उस दौरान भारत में भी करीब 30 मामले सामने आए थे।

श्री. राजू गायकवाड

महाव्यवस्थापक (मानव संसाधन), महापारेषण

वाढदिवस दिनांक: १९.०९.२०२४

जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

न्यूज ब्रीफ

पीएम मोदी के साथ मुहम्मद यूनुस की मुलाकात संभव नहीं

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संयुक्त राष्ट्र महासभा में 'समिट ऑफ द फ्यूचर' को संबोधित करने के लिए 21 सितंबर से अमेरिका का तीन दिवसीय दौरा करेंगे। इस दौरान उनके बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख मुहम्मद यूनुस से मुलाकात की संभावना नहीं है। इससे पहले बांग्लादेश की ओर से महासभा के दौरान दोनों नेताओं के बीच एक बैठक के लिए औपचारिक अनुरोध किया गया था। बांग्लादेश को उम्मीद थी कि इस बैठक से शेख हसीना सरकार के पतन के बाद से उभरे कुछ मुद्दों को संबोधित किया जा सकता है। हालांकि, सूत्रों का कहना है कि यह बैठक भारत की ओर से तय कार्यक्रम में शामिल नहीं है। इसके अलावा, पीएम मोदी का अमेरिका यात्रा के दौरान पहले से ही काफी बिजी शेड्यूल है। पीएम मोदी के कार्यक्रम में 21 सितंबर को डेलावेयर के विलमिंग्टन में क्वाड नेताओं का शिखर सम्मेलन और 23 को संयुक्त राष्ट्र महासभा में 'समिट ऑफ द फ्यूचर' को संबोधित करना शामिल है।

बीजेपी हरियाणा चुनाव जीती तो अनिल विज या इंद्रजीत सिंह बन सकते हैं मुख्यमंत्री

एजेंसी । नई दिल्ली

चुनावी राज्य हरियाणा में जैसे-जैसे चुनाव की तारीख नजदीक आ रही है, वैसे-वैसे यहां पर सियासत का रंग गाढ़ा होता जा रहा है। भाजपा शासित प्रदेश का नेतृत्व अभी नायब सिंह सैनी के हाथों में है, लेकिन वो भी पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के बचे कार्यकाल के लिए भाजपा की तरफ से मुख्यमंत्री बनाए गए थे। ऐसे में भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व के ऐलान के बावजूद कयास लगाए जा रहे हैं कि पार्टी अगर चुनाव जीतती है तो सूबे का मुखिया बदल सकता है।

हालांकि, सैनी मुख्यमंत्री नहीं बनेंगे तो कौन बनेगा? ये भी राह आसान नहीं है, 90 विधानसभा वाले हरियाणा में सत्ताधारी पार्टी के अंदर कई दिग्गज नेता मुख्यमंत्री की दावेदारी पेश कर चुके हैं। आम तौर पर भारतीय जनता पार्टी के अंदर कम ही दिखता है कि नेता स्वयं को मुख्यमंत्री का दावेदार घोषित करते हों, लेकिन हरियाणा में मामला पूरा उल्टा है। यहां पर कई ऐसे दिग्गज भाजपा नेता हैं, जो खुद को मुख्यमंत्री का दावेदार मानते हैं। 2019 हरियाणा विधानसभा चुनाव में भाजपा और जेजेपी का गठबंधन था। प्रदेश का मुखिया वरिष्ठ नेता मनोहर लाल खट्टर को बनाया गया। लेकिन, हाल ही में संपन्न हुए 2024 लोकसभा चुनाव से ठीक पहले भाजपा ने जेजेपी के साथ अपना गठबंधन तोड़ दिया और मनोहर लाल ने सीएम पद से इस्तीफा दे दिया। सूबे के नए सीएम उनके करीबी माने जाने वाले तत्कालीन प्रदेश भाजपा अध्यक्ष नायब सिंह सैनी को बनाया। अगर सैनी के राजनीतिक सफर की बात करें तो, 1996 से पार्टी में सक्रिय भूमिका निभाने वाले नायब सिंह सैनी का राजनीतिक करियर 2014 से चमका, जब वो पहली बार अंबाला की नारायणगढ़ विधानसभा क्षेत्र से विधायक बने थे। 2016 में उनको श्रम और रोजगार मंत्री बनाया गया। 2019 लोकसभा चुनाव में उन्होंने कुरुक्षेत्र से जीत हासिल की। मुख्यमंत्री बनने से पहले वो प्रदेश अध्यक्ष की भूमिका निभा चुके थे। सैनी को मुख्यमंत्री की जिम्मेदारी मिलने के बाद कुछ नेताओं में नाराजगी दिखी।

क्या है केंद्रीय नेतृत्व का प्लान?

जम्मू कश्मीर में मतदाताओं की उमड़ी भारी भीड़, 59 प्रतिशत से अधिक वोटिंग

एजेंसी । नई दिल्ली

जम्मू कश्मीर में अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधानों को निरस्त किए जाने के बाद हो रहे पहले विधानसभा चुनाव के दौरान बुधवार को जम्मू क्षेत्र के डोडा जिले में मतदान केंद्रों पर मतदाताओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। पिछले कुछ महीनों में यहां आतंकवादी गतिविधियों में वृद्धि हुई है। पहले चरण के हुए मतदान में शाम 5 बजे तक 59 प्रतिशत से अधिक मतदान हुए हैं। अपनी सरकार चुनने के लिए विधानसभा चुनाव में भाग लेने पर खुशी व्यक्त करते हुए मतदाताओं ने यह भी उम्मीद जताई कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया के बाद जम्मू कश्मीर के राज्य का दर्जा बहाल हो जाएगा।

चुनाव को लेकर क्या बोले स्थानीय

भद्रवाह के घाटा गांव निवासी पंडित शांति प्रकाश (96) ने कहा, हमें खुशी है कि 10 साल के लंबे अंतराल के बाद आखिरकार विधानसभा चुनाव हो रहे हैं, जिससे हमें अपनी सरकार चुनने का मौका मिला है। हमें उम्मीद है कि चुनाव के बाद राज्य का दर्जा बहाल हो जाएगा। चोबिया लिंक रोड के पास रहने वाले नवीन कोतवाल (64) ने कहा कि वह पिछले 10 वर्षों में जम्मू कश्मीर के लोगों पर हुए अन्याय के खिलाफ और राज्य का दर्जा बहाल करने के लिए मतदान कर रहे हैं। चिनोडे गांव के पूर्व सरपंच खालिद बशीर मुगल (52) ने कहा कि मतदान की शुरुआत से ही मतदाताओं की भारी भीड़ लोगों की सरकार चुनने की इच्छा को दर्शाती है। पहली बार मतदान करने वाली बहनें मुकद्दस और मशैल ने कहा कि उन्होंने बेहतर भविष्य के लिए मताधिकार का इस्तेमाल किया।

सतना में हुई 21 साल के तोते की सर्जरी

गले से निकाला 20 ग्राम का ट्यूमर; बच गई जान

एजेंसी । सतना

मध्य प्रदेश के सतना जिले में 21 साल के एक तोते का ऑपरेशन कर उसकी जान बचाने का अनोखा मामला सामने आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार तोते के गले में एक ट्यूमर था, जिसकी वजह से उसकी जान पर बन आई थी। जिसके बाद डॉक्टर्स ने सर्जरी कर उसके गले से करीब 20 ग्राम का ट्यूमर निकालते हुए उसकी जान बचाई। इलाज करने वाले वेटनरी डॉक्टर ने बताया कि पक्षी में ट्यूमर का यह जिले का पहला मामला है। प्राप्त जानकारी के अनुसार करीब छह महीने पहले तोते के मालिक को तोते की गर्दन पर एक गांठ दिखाई दी थी, जो धीरे-धीरे बढ़ती जा रही थी और जिसकी वजह से तोते



को काफी परेशानी हो रही थी। वह न तो ठीक से बोल पा रहा था और न ही कुछ खा पा रहा था। जिसके बाद उसका मालिक इलाज के लिए उसे जिला पशु चिकित्सालय सतना के डॉक्टरों के पास लेकर पहुंचा। जांच के बाद पशु चिकित्सकों ने तोते के गले में ट्यूमर पाया और शख्स को तोते का ऑपरेशन करवाने की सलाह दी। मालिक की सहमति मिलने के बाद डॉक्टर्स ने करीब दो घंटे तक तोते का ऑपरेशन किया और 15 सितंबर रविवार को करीब 20 ग्राम का ट्यूमर सफलतापूर्वक निकाला। फिलहाल तोते की स्थिति खतरे से बाहर है और वह पूरी तरह सुरक्षित व स्वस्थ है।

तोते का इलाज करने वाले पशु चिकित्सक डॉ. बालेंद्र सिंह ने जानकारी देते हुए बताया, 'मुख्तियार गंज मोहल्ले के निवासी चंद्रभान विश्वकर्मा ने शनिवार 14 सितंबर को हमसे संपर्क किया था और बताया कि उनके तोते के गले में ट्यूमर है और यह धीरे-धीरे बढ़ रहा है। जिसके कारण तोता खाना नहीं खा रहा है। जिसके बाद हमने अगले दिन तोते की सर्जरी के लिए उन्हें बुलाया।' पशु चिकित्सक के मुताबिक, 'ऑपरेशन करीब दो घंटे तक चला। तोते का वजन 98 ग्राम था और तोते से करीब 20 ग्राम का ट्यूमर निकाला गया, जिसे आगे की जांच के लिए रीवा पशु चिकित्सा महाविद्यालय भेजा गया है।

चंद्रयान-4 मिशन वीनस ऑर्बिट मिशन को मिली कैबिनेट की मंजूरी

चंद्रमा-मंगल के बाद अब शुक्र पर भारत की नजर

एजेंसी । नई दिल्ली

केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को अंतरिक्ष से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों समेत वीनस ऑर्बिटर मिशन (वीओएम) को मंजूरी दे दी है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इन फैसलों की जानकारी दी। वीनस ऑर्बिटर मिशन शुक्र ग्रह के अन्वेषण और अध्ययन के लिए सरकार के विजन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा। केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में लिए गए फैसलों को लेकर केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि वीनस ऑर्बिटर मिशन के अलावा नए चंद्र मिशन चंद्रयान-4 को भी मंजूरी दी गई है। चंद्रयान-4 मिशन का अगला पड़ाव चंद्रमा पर मानव मिशन भेजना है। इसके साथ ही बैठक में गगनयान फॉलो-ऑन, भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन और अगली पीढ़ी के लॉन्च व्हीकल के विकास को भी मंजूरी दी गई है।

वीओएम से शुक्र ग्रह को समझने में मिलेगी मदद

अंतरिक्ष विभाग द्वारा संचालित 'वीनस ऑर्बिटर मिशन' में शुक्र ग्रह की कक्षा में एक अंतरिक्ष यान स्थापित करना शामिल होगा, ताकि इसकी सतह व उपसतह, वायुमंडलीय प्रक्रियाओं और शुक्र के वायुमंडल पर सूर्य के प्रभाव को बेहतर ढंग से समझा जा सकेगा। शुक्र, पृथ्वी का सबसे निकटतम ग्रह है और माना जाता है कि इसका निर्माण पृथ्वी जैसी ही परिस्थितियों में हुआ है। यह इस बात को समझने का अनूठा अवसर प्रदान करता है कि ग्रहों का वातावरण किस प्रकार बहुत अलग तरीके से विकसित हो सकता है।

वीओएम के 2028 तक पूरा होने की संभावना

इसरो इस अंतरिक्ष यान के विकास और प्रक्षेपण के लिए उत्तरदायी होगा। इस मिशन से प्राप्त डेटा को मौजूदा तंत्रों के माध्यम से वैज्ञानिक समुदाय तक पहुंचाया जाएगा। इस मिशन के मार्च 2028 तक पूरा होने की संभावना है। इस मिशन से कुछ अनसुलझे वैज्ञानिक प्रश्नों के उत्तर मिलने की संभावना है, जिनसे विभिन्न वैज्ञानिक परिणाम हासिल होंगे। इस मिशन के लिए अंतरिक्ष यान और प्रक्षेपण यान का निर्माण विभिन्न उद्योगों के माध्यम से किया जा रहा है।

पृथ्वी से मिलता-जुलता है शुक्र का वातावरण

वीनस ऑर्बिटर मिशन के तहत शुक्र ग्रह की सतह और उपसतह, वायुमंडलीय प्रक्रियाओं और शुक्र के वायुमंडल पर सूर्य के प्रभाव को बेहतर ढंग से समझा जा सकेगा। शुक्र ग्रह के बारे में माना जाता है कि यह कभी रहने योग्य हुआ करता था और काफी हद तक पृथ्वी के समान था। ऐसे में यह मिशन शुक्र के परिवर्तन के अंतर्निहित कारणों का अध्ययन और शुक्र व पृथ्वी ग्रहों के विकास को समझने में सहायक होगा। वीनस ऑर्बिटर मिशन (वीओएम) का उद्देश्य वैज्ञानिक अन्वेषण करना, शुक्र ग्रह के वायुमंडल, भूविज्ञान को बेहतर ढंग से समझना तथा इसके घने वायुमंडल की जांच करके बड़ी मात्रा में वैज्ञानिक आंकड़े जुटाना है।

दो बजे दोपहर

मुंबई आसपास

भाजपा उत्तर भारतीय सेल के अध्यक्ष संजय गुप्ता के खिलाफ मामला दर्ज

आनंद शुक्ला । उल्हासनगर

उत्तर भारतीय सेल के अध्यक्ष संजय गुप्ता के खिलाफ उल्हासनगर के विट्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन में विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। इस घटना से संजय गुप्ता हैरान है। मिली जानकारी के अनुसार पुष्पराज बिल्डिंग रूम नंबर 603 खार रोड वेस्ट मुंबई में रहने वाले मुकेश शंकर लाल वाधवा ने संजय गुप्ता के खिलाफ विट्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज कराया है। मुकेश ने अपने शिकायत में कहां है कि उल्हासनगर चार पॉटी चौक आशा सिलीकेट इंडस्ट्रीज में संजय गुप्ता अपने साथियों के साथ जबरदस्ती घुस गए और वहां पर मारपीट किया। संजय गुप्ता, रोशन यादव, दिलीप, प्रदीप ने आपस में साठगांठ करके वहां पर लोगों से गाली गलौज और धमकी दिया । इसके बाद संजय गुप्ता ने चाकू निकालकर मुकेश की जांघ पर मार दिया, जिससे वह जख्मी हो गए। मुकेश वाधवा की शिकायत पर विट्ठलवाड़ी पुलिस ने संजय गुप्ता, रोशन यादव ,दिलीप, प्रदीप के खिलाफ 329 (4), 118(1),115(2),352,351(2),3(5) के तहत मामला दर्ज किया है। इनमें से अभी तक पुलिस ने किसी की गिरफ्तारी नहीं की है। बता

मुझ पर झूठा मामला दर्ज कराया गया है : संजय गुप्ता

दें कि संजय गुप्ता भाजपा पार्टी के टिकट की मांग कर रहे हैं। इस बारे में संजय गुप्ता ने कहा कि उनके खिलाफ जो मामला दर्ज हुआ है वह उनको ही पता नहीं है और यह मामला राजनीति से प्रेरित है। जिस समय की यह घटना बता रहे हैं उस समय में अपने घर में ही था यह मुझे फसाने की साजिश रची जा रही है। मुझ पर राजनैतिक दबाव के तहत यह झूठा मामला दर्ज किया गया है। किसी नेता के दबाव में यह झूठा मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के निष्पक्ष जांच में सच सामने आएगा।और झूठे मामले दर्ज कर मुझे चुनाव लड़ने से नहीं रोक सकते में चुनाव जरूर लड़ूंगा। हालांकि यह मामला उल्हासनगर शहर में चर्चा का विषय बना हुआ जबकि इस मामले की छानबीन विट्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन के पुलिस उप निरीक्षक क्षीरसागर कर रहे हैं।

छात्रा से छेड़छाड़ के आरोप में शिक्षक गिरफ्तार

दोपहर संवाददाता । उल्हासनगर

उल्हासनगर कस्बे के एक निजी विद्यालय के शिक्षक को सात वर्षीय छात्रा से छेड़छाड़ करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। उल्हासनगर के हिल लाइन पुलिस थाने के अधिकारी ने बताया कि आरोपी शिक्षक को शुक्रवार को गिरफ्तार किया गया था। उन्होंने कहा, 'शिक्षक ने स्कूल परिसर में छात्रा से छेड़छाड़ की थी जिसके बाद बच्ची ने अपने माता-पिता को इस बारे में बताया। बच्ची के माता पिता ने पुलिस को इसकी सूचना दी तथा बृहस्पतिवार को शिकायत दर्ज कराई।' अधिकारी ने बताया कि तदनुसार, भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) और यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया।

उल्हासनगर में गणेश विसर्जन में 17 टन निर्माला का संकलन

11,595 गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन

दोपहर संवाददाता । उल्हासनगर

उल्हासनगर मनपा क्षेत्र में गणेश विसर्जन अनुष्ठान इस वर्ष भी बहुत अनुशासित और व्यवस्थित तरीके से सम्पन हो गया। आयुक्त विकास ढाकने के मार्गदर्शन व अतिरिक्त आयुक्त जमीर लेंगरेकर के नेतृत्व में विभिन्न विभागों ने उचित योजना के साथ विसर्जन अनुष्ठान को सफलतापूर्वक पूरा किया। सभी वार्ड अधिकारी,मनपा अधिकारी एवं कर्मचारियों ने अपना काफी योगदान दिया। उल्हासनगर मनपा हद के सभी विसर्जन घाटों पर कुल 11,595 गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। इसमें शादु मिट्टी से बनी पर्यावरण अनुकूल 2,394 गणेश प्रतिमाएं शामिल थीं, जबकि पी.ओ.पी. प्रतिमाओं की संख्या 9,164 थी। विसर्जन के दिन 37 खंडित मूर्तियों का भी विसर्जन किया गया। साथ ही इस बार मनपा ने करीब 17 टन कूड़ा एकत्र कर पर्यावरण संरक्षण का बीड़ा उठाया है। उल्हासनगर मनपा के अतिरिक्त आयुक्त जमीर लेंगरेकर, उपायुक्त सुभाष जाधव, शहर अभियंता तरूण सेवकानी, विद्युत अभियंता हनुमंत खरात, जल आपूर्ति विभाग के अभियंता परमेश्वर बडगे. स्वास्थ्य अधिकारी मनीष हिवरे, मुख्य स्वच्छता निरीक्षक विनोद केणी व एकनाथ पवार तथा नोडल अधिकारी गणेश शिंपी द्वारा विसर्जन घाटों पर प्रभावी ढंग नियोजित से किया गया। चिकित्सा पदाधिकारी डॉ.मोहिनी धर्मा के नेतृत्व में सभी विसर्जन घाटों पर मेडिकल टीम भी तैनात की गयी थी। साथ ही किसी भी आपदा की स्थिति में विसर्जन संपन्न होने तक तत्काल सहायता के लिए आपदा प्रबंधन टीम, अग्निशमन विभाग के कर्मी भी तैनात रहते हैं। महानगर पालिका अग्निशमन विभाग के प्रमुख सुरेश बॉम्बे की देखरेख में महत्वपूर्ण उपाय लागू किए गए, जिससे विसर्जन अनुष्ठान बिना किसी अप्रिय घटना के पूर्ण हो गया। सभी सफाई कर्मियों, मुकादमों एवं स्वास्थ्य निरीक्षकों ने निर्वहन घाटों पर साफ-सफाई एवं स्वच्छता प्रबंधन द्वारा विशेष ध्यान रखा गया।

इमारत में आग लगने से 13 लोगों को सांस लेने में दिक्कत

दोपहर संवाददाता । मुंबई।

महाराष्ट्र में मुंबई के घाटकोपर इलाके में सात मंजिला एक इमारत के भूतल पर बीती रात आग लगने से 13 लोगों का दम घुटने लगा, जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। दमकल विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि घाटकोपर के पूर्वी क्षेत्र में पंतनगर की रमाबाई कॉलोनी स्थित शांति सागर नामक इमारत में बीती रात 1.35 बजे आग लग गई, जिसके बाद वहां से करीब 90 निवासियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। उन्होंने कहा, 'आग भूतल के बिजली कक्ष में लगी थी। हालांकि आग तारों और अन्य उपकरणों तक ही सीमित रही। आग के कारण

करीब 90 लोगों को बचाया गया

पूरी इमारत में धुआं फैल गया।' अधिकारी ने कहा, 'इस घटना के बाद इमारत की विभिन्न मंजिलों पर फंसे 80 से 90 लोगों को सुरक्षित बचाकर सीढ़ियों के जरिए नीचे उतारा गया। देर रात दो बजकर पांच मिनट पर आग पर काबू पा लिया गया। इमारत में धुआं फैल जाने के कारण 13 लोगों ने सांस लेने में दिक्कत की शिकायत की, जिनमें से 12 को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जबकि एक को बाह्य रोगी विभाग (ओपीडी) में इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई।'अधिकारी ने बताया कि पीड़ितों में नौ महिलाएं शामिल हैं।

उल्हासनगर मनपा द्वारा स्वच्छता अभियान

सार्वजनिक गणेशोत्सव मंडल परिसर में की गई साफ-सफाई

दोपहर संवाददाता । उल्हासनगर

केंद्र सरकार के निर्देशानुसार और मनपा आयुक्त विकास ढाकने के आदेश पर शहर में सार्वजनिक गणेशोत्सव मंडलों के परिसर में सफाई अभियान चलाया गया। सहायक आयुक्त डॉ.किशोर गावस.अतिरिक्त आयुक्त लेंगरेकर, उपायुक्त डॉ. सुभाष जाधव, सार्वजनिक स्वास्थ्य अधिकारी मनीष हिवरे, मुख्य स्वच्छता निरीक्षक विनोद केणी, स्वच्छता निरीक्षक एकनाथ पवार के मार्गदर्शन में यह अभियान 18 सितंबर को उल्हासनगर मनपा प्रभाग समिति-03, पैनल क्रमांक-11 के एम.एम. ग्रुप, सार्वजनिक गणेश उत्सव मंडल, स्टेशन रोड, उल्हासनगर - 3 के गणेश मंडल परिसर में स्वच्छता के अंतर्गत 'स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता' अभियान के तहत विशेष सफाई अभियान चलाया गया।

डोंबिवली मानपाड़ा पुलिस ने पुणे में हत्या के आरोपी को कल्याण से किया गिरफ्तार

दोपहर संवाददाता । डोंबिवली

पुणे के हिंजवडी इलाके में नर्सरी में काम करने वाले एक युवक की हत्या कर दी गई। पुणे पुलिस को सूचना मिली कि हत्यारे बिहार जा रहे हैं। पुलिस ने तुरंत डोंबिवली में मानपाड़ा पुलिस से संपर्क किया। महज 20 मिनट में मानपाड़ा पुलिस ने दोनों आरोपियों को कल्याण स्टेशन के बाहर इलाके से गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के नाम राजू कुमार सिंह और धीरज कुमार सिंह हैं। इन्हीं दोनों ने प्रवीण महतो की हत्या की है। प्रवीण को राजू कुमार की पत्नी के साथ अवैध संबंध के संदेह में बर्खास्त कर दिया गया था। पिंपरी चिंचवड़ के हिंजवड़ी पुलिस स्टेशन में हत्या का मामला दर्ज किया गया था। नर्सरी में काम करने वाले प्रवीण महतो की धारदार चाकू से गला रेत कर

पुणे के वडक डिवीजन के सहायक पुलिस आयुक्त सुनील कुराडे के मार्गदर्शन में की गई। जांच में पता चला कि प्रवीम महतो की हत्या करने वाले दोनों आरोपी कल्याण के लिए निकल चुके हैं, वे बुधवार को ट्रेन से बिहार जाएंगे। सुनील कुराडे दो साल तक डोंबिवली में एसीपी के तौर पर काम कर चुके हैं। उन्हें पता था कि इन आरोपियों इसकी सूचना मानपाड़ा पुलिस को दी. पुलिस निरीक्षक राम चोपड़े के मार्गदर्शन में प्रशांत अंधाले की अध्यक्षता में एक जांच दल नियुक्त किया गया था। जांच टीम बुधवार सुबह 6 बजे कल्याण स्टेशन पहुंची। पुलिस ने तलाश शुरू की। छह बजे के आसपास कल्याण रेलवे स्टेशन के अंदर और बाहर यात्रियों की भीड़ लग जाती है। फोटो में दिख रहे दोनों संदिग्ध एक मेडिकल स्टोर पर इलाज कराते हुए नजर आ रहे हैं। पुलिस ने तुरंत दोनों को हिरासत में ले लिया। इन दोनों ने ही प्रवीण महतो की हत्या की थी। फिलहाल इन दोनों आरोपियों को मानपाड़ा पुलिस ने पुणे पुलिस को सौंप दिया है।आगे की जांच पुणे पुलिस करेगी। इन दोनों को 20 मिनट के अंदर गिरफ्तार कर लिया गया है। इस संबंध में सहायक पुलिस निरीक्षक सुनील कुराडे ने कहा। प्रवीण महतो को बिहार के शिक्षक राजू कुमार की पत्नी के साथ अवैध संबंध होने का संदेह था। इसी शक के चलते राजू कुमार की मुलाकात धीरज कुमार से हुई। कुछ माह पहले धीरज प्रवीण की नर्सरी में काम कर रहा था। धीरज ने बिहार से राजू कुमार को बुलाया। दोनों ने मिलकर प्रवीण मार दिया।

गणपति विसर्जन के दौरान पथराव से माहौल बिगाड़ने की कोशिश

शारिफ अंसारी । भिवंडी

भिवंडी में बुधवार की रात गणपति विसर्जन के दौरान पथराव से माहौल तनावपूर्ण हो गया। विसर्जन के दौरान शाम को माहौल बेहद शांतिपूर्ण था। जहां भिवंडी जोन 2 पुलिस द्वारा विसर्जन के लिए चाक चौबंद पुलिस व्यवस्था की गई थी। ठाणे पुलिस आयुक्त आशुतोष डुंबरे भी शहर की हिंदुस्तानी मस्जिद के बाहर लगे स्टेज़ पर व्यक्तिगत रूप से मौजूद थे और उन्होंने गणपति विसर्जन का स्वागत किया और गणपति मंडलों के प्रमुखों को फूलों का गुलदस्ता भेंट किया। विसर्जन के दौरान लोग बड़े ही शांतिपूर्ण तरीके से नदी नाका की ओर बढ़ रहे थे। तभी आधी रात के करीब जब श्रद्धालु जार पट्टी नाका के पास पहुंचे तब अचानक कुछ उपद्रवियों ने पथराव कर दिया। जिससे कुछ लोग घायल हो गए और भगदड़ मच गई। कुछ ही देर में वहां मुस्लिम युवाओं की भारी भीड़ जमा हो गई और माहौल ने सांप्रदायिक रंग ले

पुलिस ने किया हल्का लाठी चार्ज, पुलिस सहित नागरिक घायल

लिया। दोनों तरफ से तकबीर और जय भवानी के नारे लगये जाने लगे। इस बीच पुलिस ने पूरी तत्परता से भीड़ को तितर-बितर किया और स्थिति पर पूरी तरह से नियंत्रण पाने की कोशिश की। जिसमें पुलिस को पूरी तरह से सफलता मिली और मामला पुलिस के नियंत्रण में आ गया। जिससे शहर का माहौल सांप्रदायिक रंग लेने से बच गया। घटना की खबर मिलते ही सह पुलिस आयुक्त ज्ञानेश्वर चव्हाण के नेतृत्व में अतिरिक्त पुलिस आयुक्त पंजाबराव उगले, विनायक देशमुख, पुलिस उपायुक्त डा.श्रीकांत परोपकारी,पराग मनेरा सहित भारी संख्या में पुलिस अधिकारी अतिरिक्त पुलिस बल व दंगल नियंत्रण पथक घटनास्थल पर पहुंच कर आक्रोशित गणेश भक्तों को शांत कराया और बड़ी सूझबूझ से स्थिति बिगड़ने से संभाल लिया। पुलिस को भारी भीड़ को तितर बितर करने के लिए हल्का बल का प्रयोग भी करना पड़ा, जिसमे कुछ लोग आंशिक रूप से घायल हुए हैं। और गणपति विसर्जन के बाद राष्ट्रीय गीत का पाठ किया और लोग शांति के साथ वापस अपने अपने घर लौट गए। जिसके बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मीडिया को बताया कि पुलिस उपद्रवियों से सख्ती से निपटेगी। उन्होंने कहा कि कुछ उपद्रवियों को पुलिस ने हिरासत में लिया है। सह पुलिस आयुक्त ज्ञानेश्वर चव्हाण ने भिवंडी शहर को राष्ट्रीय एकात्मकता,अखंडता और आपसी भाईचारे की मिशाल बताया है। उन्होंने कहा कि सभी त्योहार आपस में प्रेम,भाईचारा का संदेश देते हैं. भिवंडी में आपसी प्रेम,भाईचारे की तहजीब से सभी धर्म, समुदाय के लोग जुड़े हैं। लोग अफवाहों पर कदापि ध्यान नहीं दें। शहर में स्थिति पूर्णतया शांति है। शांति व्यवस्था, सुरक्षा के लिए भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है।सह पुलिस आयुक्त ज्ञानेश्वर चव्हाण कहा कि अगर जनता को शरारती तत्वों के बारे में पता चलता है जो माहौल खराब कर रहे हैं तो इसकी सूचना नजदीकी पुलिस स्टेशन को दें ।

बता दें कि आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर दर्जनों प्रत्याशियों ने शहर में जगह जगह बड़े-बड़े बैनर लगाए हैं। लेकिन कल रात कोई भी प्रत्याशी लोगों को घटना के बाद स्थिति को संभालने और लोगों को समझाने के लिए घटना स्थल पर नहीं आया। सिर्फ भिवंडी पश्चिम विधायक महेश चौगुले ही वहां मौजूद रहे, और उन्होंने लोगों को समझाकर स्थिति को नियंत्रित करने की पूरी कोशिश की।

भिवंडी के पुलिस उपायुक्त श्रीकांत प्रोपकरी ने कहा कि पथराव करने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है। इस मामले की जांच शांतिनगर, भिवंडी शहर और निजामपुर पुलिस कर रही है। अब तक छह लोगों को हिरासत में लिया गया है। जांच में जो भी निर्दोष पाया जाएगा उसे रिहा कर दिया जाएगा।

भिवंडी से सांसद सुरेश महात्रे उर्फ बालिया मामा ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि वह इस घटना की कड़ी निंदा करते हैं और पुलिस कमिश्नर से कहा कि दोषी चाहे किसी भी समुदाय का हो, उससे सख्ती से निपटा जाना चाहिए। उन्होंने भिवंडी के सभी लोगों से शहर में कानून-व्यवस्था का माहौल बनाए रखने और ईद मिलाद का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाने की अपील की।

स्वच्छ भारत अभियान में भाग लेकर अपने शहर, अपने क्षेत्र को स्वच्छ बनाने का प्रयास करें : मंत्री रविंद्र चव्हाण

दोपहर संवाददाता । डोंबिवली

शासन के निर्देशानुसार मनपा क्षेत्र में 18 नवम्बर 2024 से 02 अक्टूबर 2024 तक स्वच्छता पखवाड़ा चलाया जा रहा है। आज इसकी शुरुआत डोंबिवली के कुंभारखान पाड़ा किया गया। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री रविंद्र चव्हाण, मनपा आयुक्त इंदुरानी जाखड़, पूर्व मनपा नगरसेवक विकास म्हात्रे एवं अन्य अधिकारी,कर्मचारी, एनएसएस के विद्यार्थी एवं नागरिक उपस्थित थे। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों की ओर से स्वच्छता की शपथ ली गयी तथा स्वच्छता पर नुक्कड़ नाटक भी प्रस्तुत किया गया। कैबिनेट मंत्री रवींद्र चव्हाण ने स्वच्छता पर जोर देते हुए कहा कि आपको और हम सभी को स्वच्छ भारत मिशन में भाग लेकर अपने शहर और अपने आसपास को साफ करने के लिए मिलकर काम करना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2014 से स्वच्छ भारत मिशन के माध्यम से देशव्यापी जागरूकता अभियान शुरू किया है और उसी पहल के तहत यह स्वच्छता अभियान हर जगह चलाया जा रहा है। इस साल अनंत चतुर्दशी के बाद गणेश घाट और पूरे इलाके की सफाई हो, इसलिए कल्याण डोंबिवली मनपा ने आज से इस सफाई अभियान को लागू करने का फैसला किया है. इस अवसर पर कुंभारखानपाड़ा गणेशघाट क्षेत्र में सफाई अभियान चलाया और स्वच्छता अभियान 'एक पेड़ माँ के नाम' के तहत सफाई अभियान चलाया। मंत्री रविंद्र चव्हाण द्वारा देशी प्रजाति के वृक्षों का रोपण किया गया।

टोरेंट पावर के माध्यम से बच्चों में विद्युत सुरक्षा और ऊर्जा संरक्षण जागरूकता अभियान

दोपहर संवाददाता । भिवंडी

बिजली के बारे में सुरक्षा और जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण पहल में, टोरेंट पावर लिमिटेड, भिवंडी की तरफ से जेड पी स्कूल, राहनाल में एक व्यापक सुरक्षा जागरूकता सत्र का आयोजन किया। सत्र, जिसमें 60 छात्रों, स्कूल प्रबंधन और टोरेंट पावर अधिकारियों ने भाग लिया, का उद्देश्य युवा दिमाग को बिजली के बारे में आवश्यक ज्ञान के साथ सशक्त बनाना था। इस सत्र में बिजली से संबंधित आवश्यक विषयों पर ध्यान केंद्रित किया गया, जिससे

छात्रों को इसके उपयोग और इससे जुड़े संभावित खतरों के बारे में मौलिक जानकारी मिली। दैनिक जीवन में सुरक्षा के महत्व पर जोर देते हुए, प्रतिभागियों को विद्युत उपकरणों का उपयोग करते समय बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में शिक्षित किया गया। सत्र के मुख्य विषयों में बिजली संरक्षण तकनीकों पर चर्चा और छात्रों को घर और स्कूल में ऊर्जा-बचत प्रथाओं को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना शामिल था। टोरेंट पावर के अधिकारियों ने रेसिडुअल करंट सर्किट ब्रेकर (आरसीसीबी) के महत्व का भी प्रदर्शन किया, यह बताते हुए कि यह उपकरण बिजली के झटके को कैसे रोक सकता है और जीवन बचा सकता है। इंटरैक्टिव सत्र ने छात्रों को सक्रिय रूप से संलग्न करने, प्रश्न पूछने और प्रदर्शनों में भाग लेने का मौका दिया, जिससे सीखने का अनुभव जानकारीपूर्ण और सुखद दोनों हो गया।

मनपा क्षेत्र के अंतर्गत 8523 भगवान गणेश के मूर्ति का हुआ विसर्जन

दोपहर संवाददाता । ठाणे

अनंत चतुर्दशी पर मनपा क्षेत्र के अंतर्गत सभी विसर्जन घाटों पर कुल 8523 गणेश मूर्तियों का विसर्जन भक्तों ने नमभरी आंखों से किया। जिसमें सार्वजनिक गणेशोत्सव मंडल की 321गणेश मूर्ति का समावेश था। पर्यावरण संरक्षण को लेकर मनपा की ओर से तैयार किया कृतिम तालाब में 3994 मूर्ति व विशेष टैंक में 621 मूर्ति का विसर्जन किया गया। राज्य के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे शहर में स्थित मासुंदा तालाब व कोपरी विसर्जन घाट पर जाकर सुविधाओं का निरीक्षण कर और भक्तों से बातचीत किया। इस अवसर पर सांसद नरेश म्हस्के, मनपा आयुक्त सौरभ राव,अतिरिक्त आयुक्त 1 संदीप मालवी,अतिरिक्त आयुक्त 2 प्रशांत रोड़े, उपायुक्त मनीष जोशी,उपायुक्त शंकर पाटोले आदि उपस्थित थे। मनपा की ओर से तैयार किया गया विसर्जन घाटों पर नागरिकों का अच्छा प्रतिसाद को लेकर मनपा आयुक्त सौरभ राव ने सभी गणेश भक्तों का आभार व्यक्त किया। गणेश भक्तों ने 123 गणेश मूर्ति स्वीकार केंद्र पर दिया और चलते फिरते विसर्जन केंद्र को 20 मूर्ति का विसर्जन किया गया।

मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने विसर्जन घाटों पर भक्तों से किया मुलाकात

7 टन निर्माल्य भक्तों ने किया दान

डेढ़ दिन के गणेश मूर्ति विसर्जन पर 12 टन,6 दिन के विसर्जन के दिन 13 टन और अंतिम दिन बप्पा के विदाई के दौरान 7 टन भक्तों ने दान दिया निर्माल्य।

भगवान गणेश के मूर्ति के विसर्जन का आंकड़ा

कृत्रिम तालाब 15 -3994 मूर्ति विसर्जन
खाडी विसर्जन घाट 9 -3764 मूर्ति विसर्जन
विशेष टाकी व्यवस्था 49 - 621 मूर्ति विसर्जन
चलते फिरते विसर्जन व्यवस्था 6 - 20 मूर्ति विसर्जन
मूर्ती स्वीकृती केंद्र 10 -123 मूर्ति का स्वीकार
कुल मूर्तियों का आंकड़ा-8523
सार्वजनिक गणेश मूर्ती -321

दो बजे पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

दोपहर

अनमोल विचार | सबसे बड़े विचार सबसे सरल होते हैं : सर विलियम गेराल्ड गोल्डिंग

नवाब मलिक के दामाद कार दुर्घटना में घायल, सिर में चोट, ICU में एडमिट

मुंबई। मध्य मुंबई के कुर्ला में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (NCP) के नेता नवाब मलिक के दामाद तब घायल हो गए, जब उनके SUV के चालक ने नियंत्रण खो दिया और गाड़ी दीवार से टकरा गई।

इस बाबत पुलिस ने मंगलवार को बताया कि यह घटना कुर्ला पश्चिम स्थित एक अस्पताल के बाहर हुई, जिसमें नवाब मलिक के दामाद समीर खान घायल हो गए। बताया गया कि खान अपनी पत्नी नीलोफर के साथ नियमित जांच के लिए एक निजी अस्पताल गए थे।

लेकिन जैसे ही दंपति अपने 'SUV' कार में बैठे, वाहन के चालक ने नियंत्रण खो दिया और कार पास की इमारत की दीवार से टकरा गई। इस दुर्घटना में खान के सिर पर चोटें आई हैं। वहीं स्थानीय लोगों की मदद से खान को तुरंत अस्पताल ले जाया गया जहां उनका उपचार किया जा रहा है। वह फिलहाल आईसीयू में हैं। घटना की जांच की जा रही है।

यह भी खबर है कि नवाब मलिक की बेटी और दामाद दरअसल एक अस्पताल में नियमित जांच के बाद लौट रहे थे। लेकिन जब वे कार में बैठ रहे थे, तो कार चालक ने गलती से एक्सीलेटर दबा दिया और कार सीधे दीवार से जा टकराई। घटना पर विवरण का इंतजार है।

चूहों ने किया दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे में छेद

बारिश का पानी जमा होने से हुआ गहरा गड्ढा

मुंबई। देश के सबसे लंबे और तेज रफ्तार दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे की क्वालिटी पर अब सवाल उठने लगे हैं। एक्सप्रेस-वे पर दौसा एरिया में भांडारेज टोल के समीप अचानक जमीन धंस गई और गहरा गड्ढा हो गया। मामले की सूचना मिलते ही मेंटेनेंस कर्मचारियों ने एक्सप्रेस-वे पर बैरिकेडिंग की और गड्ढे की मरम्मत की। जांच पड़ताल में सामने आया कि चूहे या किसी अन्य जीव के बिल के कारण वहां बारिश का पानी इकट्ठा हो गया और एक्सप्रेस-वे की सड़क धंस गई। हालांकि, यह दावे कितने सच हैं? यह अभी कहा नहीं जा सकता। लेकिन गड्ढे को ठीक कर दिया गया है और उस एरिया को अभी बंद रखा गया है। एनएचएआई के डिजाइन विभाग के इंजीनियर दिल्ली से दौसा पहुंच चुके हैं।

महाराष्ट्र में महागठबंधन में मतभेद

कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन में शामिल नहीं होंगे UBT और NCP

दोपहर संवाददाता । मुंबई

महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव से पहले महागठबंधन की पार्टियों के बीच मतभेद उभर कर सामने आ रहे हैं। शिवसेना (यूबीटी) के नेता संजय राउत ने सीट बंटवारे में देरी के लिए कांग्रेस को जिम्मेदार ठहराया। वहीं, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर बयान के खिलाफ गुरुवार को कांग्रेस के प्रदर्शन में यूबीटी और एनसीपी (एसपी) ने हिस्सा नहीं लेने का ऐलान किया, हालांकि दोनों पार्टियों ने कांग्रेस का समर्थन किया। बुधवार को महागठबंधन की मुंबई में सीट शेयरिंग को लेकर बैठक खत्म हो गई। बैठक में सीट शेयरिंग पर चर्चा के अलावा राहुल गांधी पर महायुति के नेताओं द्वारा चल रही बयानबाजी पर भी चर्चा हुई।

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि महायुति के नेता भड़काऊ बयानों से महाराष्ट्र का माहौल बिगाड़ रहा है। कांग्रेस की ओर से गुरुवार को आंदोलन करने की बात बैठक में कही गई, जिसे यूबीटी और एनसीपी (एसपी) ने सपोर्ट किया, लेकिन कांग्रेस के साथ वो राज्य में होने वाले विरोध प्रदर्शन में शामिल नहीं होंगे। वहीं, कांग्रेस के प्रदर्शन के चलते गुरुवार महागठबंधन की बैठक भी टल गई है। अब अगली बैठक परसों 2 बजे होगी।

कांग्रेस के प्रदर्शन में शामिल नहीं होंगे यूबीटी-एनसीपी

दूसरी ओर, महाराष्ट्र के नेता प्रतिपक्ष विजय वडेट्टीवार ने कहा कि राहुल के बाल को भी हाथ लगाने की औकात धमकी देने वाले नेताओं की नही है। बीजेपी नेता और साथी सत्ता पक्ष के नेता राहुल गांधी से डरे हुए हैं। जनता इनका तमाशा देख रही है। क्या पीएम मोदी और गृह मंत्री ऐसे नेताओं के साथ हैं। अगर साथ नही हैं तो इन पर कार्य वाई क्यू नही करते। इन नेताओ को गांधी नाम का इतिहास पता नही है गांधी ने देश के लिए शहादत दी है लेकिन आज जो लोग दिल्ली की कुर्सी पर बैठकर बयान दे रहे है उनका देश की आजादी में कोई योगदान नहीं था। हम सब राहुल गांधी के साथ है राहुल के बाल को भी हाथ लगाने की औकात इनके पास नहीं है।

सीट समझौते पर देरी पर संजय राउत का तंज

शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत ने बुधवार को आगामी विधानसभा चुनावों के लिए सीट-बंटवारे की बातचीत में देरी के लिए महाराष्ट्र में कांग्रेस नेताओं को जिम्मेदार ठहराया। पत्रकारों से बात करते हुए, राउत ने कहा कि विपक्षी गठबंधन, जिसमें शिवसेना (यूबीटी), कांग्रेस और एनसीपी (एसपी) शामिल हैं, सीट-बंटवारे से संबंधित मुद्दों को संबोधित करने के लिए मुंबई में बैठक करेंगे। नवंबर में चुनाव होने की उम्मीद है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस इन दिनों बहुत व्यस्त है, लेकिन हमने उन्हें इस मुद्दे को सुलझाने के लिए बुलाया है। वे इतने व्यस्त हैं कि ऐसा लगता है जैसे 'तारीख पर तारीख' (तारीख पर तारीख)'। उन्होंने कहा कि कांग्रेस, शिवसेना (यूबीटी) और राकांपा (सपा) के नेता बुधवार से शुक्रवार तक चर्चा करेंगे।

मुंबई से संबंधित बातचीत को काफी हद तक अंतिम रूप दे दिया गया है, राउत ने महाराष्ट्र के आकार को देखते हुए क्षेत्रीय चर्चा की आवश्यकता पर जोर दिया।

लोकतंत्र की नींव अब भी मजबूत है: पवार

मुंबई। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) अध्यक्ष शरद पवार ने शुक्रवार को कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जमानत मिलना साबित करता है कि देश में लोकतंत्र की नींव अब भी मजबूत है। उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को कथित आबकारी नीति घोटाले के संबंध में केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा दर्ज भ्रष्टाचार के मामले में केजरीवाल को जमानत दे दी। न्यायालय ने कहा कि लंबे समय तक कारावास में रखना स्वतंत्रता से अन्यायपूर्ण तरीके से वंचित करना है। पवार ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जमानत दिए जाने से एक बात स्पष्ट हो गई है कि देश में लोकतंत्र की नींव अभी भी मजबूत है। लंबी लड़ाई सत्य की जीत के साथ समाप्त हुई है।' पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा, 'केजरीवाल की जमानत ने इस भावना की पुष्टि की है कि किसी को अनुचित तरीकों से हराने की साजिश लोकतांत्रिक देश में कभी सफल नहीं होगी।'

म्हाडा मास्टर लिस्ट ड्रा के 56 विजेता अयोग्य?

मुंबई। म्हाडा के प्रसिद्ध मास्टर लिस्ट ड्रा के विजेताओं की दोबारा जांच के बाद 56 योग्य विजेताओं को अयोग्य घोषित कर दिया गया है। ऐसे में एक बार फिर मास्टर लिस्ट में गड़बड़ी सामने आ गई है। म्हाडा के आर.आर. बोर्ड ने दिसंबर में पहली बार मास्टर लिस्ट से 265 रेजिडेंट्स का कंप्यूटराइज्ड ड्रॉ निकाला था। इस समय जागरूक नागरिकों ने म्हाडा के उपाध्यक्ष संजीव जयसवाल से मांग की कि मास्टर सूची को भ्रमित किया जाए और विजेता निवासियों के पात्रता दस्तावेजों को फिर से सत्यापित किया जाए। उपराष्ट्रपति के आदेश के मुताबिक सभी विजेताओं के पात्रता दस्तावेजों का दोबारा सत्यापन किया गया है।

राहुल गांधी की जीभ काटने वाले बयान के बाद विधायक संजय गायकवाड़ बोले

कांग्रेसी कुत्ते आए तो दफना दूंगा

दोपहर संवाददाता । मुंबई

एकनाथ शिंदे की शिवसेना के विधायक संजय गायकवाड़ ने अब एक और भड़काऊ बयान देते हुए चेतावनी दी है। इस बार गायकवाड़ ने कहा है कि उनके कार्यक्रम में आने वाले किसी भी कांग्रेसी कुत्ते को वह वहीं पर 'दफना' देंगे। जानकारी दें कि बुलढाणा के विधायक गायकवाड़ द्वारा कांग्रेस नेता राहुल गांधी की जीभ काटने वाले को इनाम देने की घोषणा से बीते सोमवार को बड़ा राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया था। जिसे लेकर केस दर्ज किया गया है। जानकारी दें कि पत्रकारों से बातचीत में गायकवाड़ को कहते हुए भी सुना गया कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे उनके जिले में महिलाओं के लिए सरकार की 'मुख्यमंत्री लाडकी बहिन योजना' के बारे में एक कार्यक्रम में भाग लेंगे। शिंदे गुट के विधायक गायकवाड़ ने कहा कि, तब अगर

कोई भी कांग्रेसी कुत्ता मेरे कार्यक्रम में घुसने की कोशिश करेगा, तो मैं उसे वहीं दफना दूंगा।

इसके पहले शिवसेना विधायक संजय गायकवाड़ ने राहुल गांधी को लेकर एक विवादित बयान दिया था। विधायक ने तब कहा था कि कांग्रेस नेता ने जिस तरह का बयान दिया है उससे कांग्रेस का असली चेहरा सामने आ गया है। लोकसभा चुनाव में उन्होंने झूठ फैलाकर वोट लिया कि संविधान खतरे में है, BJP संविधान बदल देगी और आज अमेरिका में उन्होंने कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने जो आरक्षण दिया था, उन्होंने कहा था कि वे इस आरक्षण खत्म कर देंगे। उनके मुंह से ऐसे शब्द निकले हैं, जो उनकी जीभ काटेगा, मैं खुद उसे 11 लाख रुपये दूंगा। लेकिन जब इस विवादित बयान के बारे में पूछे जाने पर गायकवाड़ ने कहा है कि मैंने बयान दिया। अब अगर मैंने माफी नहीं मांगी है, तो मुख्यमंत्री को ऐसा क्यों करना चाहिए? देश के 140 करोड़ लोगों में से 50% आबादी को आरक्षण मिलता है। मैं उस व्यक्ति के बारे में दिए गए बयान पर अडिग हूं, जिसने आरक्षण हटाने की बात कही थी। जानकारी दें कि पुलिस ने लोकसभा में विपक्ष के नेता गांधी के बारे में टिप्पणी को लेकर गायकवाड़ के खिलाफ बीते सोमवार रात एक मामला दर्ज किया।

दरअसल हाल में अमेरिका की यात्रा के दौरान राहुल गांधी ने कहा था कि कांग्रेस पार्टी आरक्षण खत्म करने के बारे में तब सोचेगी, जब भारत में आरक्षण के लिहाज से निष्पक्षता होगी और फिलहाल ऐसा नहीं है।

युवक ने पहले फेसबुक लाइव में लड़की पर लगाए गंभीर आरोप, फिर कर ली खुदकुशी

मुंबई। झारखंड में हजारीबाग के रहने वाले संदीप पासवान नाम के युवक ने मुंबई में खुदकुशी कर ली। इससे पहले संदीप ने फेसबुक लाइव किया, जिसमें उसने एक लड़की और उसके परिवार वालों पर मानसिक और शारीरिक उत्पीड़न का आरोप लगाया है। जानकारी के अनुसार, यह घटना 17 सितंबर की सुबह मुंबई के चेंबूर इलाके की है। यहां रहने वाला हजारीबाग झारखंड का संदीप पासवान अपने किराए के फ्लैट में था। संदीप ने पहले फेसबुक लाइव किया और एक लड़की व उसके परिवार पर धोखा देने और आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाया। पुलिस के मुताबिक, यह मामला 2018 से शुरू हुआ था। पेशे से अकाउंटेंट संदीप पासवान के पास मुंबई में रहने वाली सपना पासवान नाम की लड़की का रिश्ता आया था। धीरे-धीरे दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ने लगीं और वे एक-दूसरे से मिलने लगे। इसके बाद साल 2021 में सपना ने संदीप से फ्लैट खरीदने के नाम पर करीब 12.5 लाख रुपये लिए। जब संदीप को शक हुआ तो पैसे वापस मांगे।

इसके बाद 14 जून 2023 को सपना के परिवार वालों ने संदीप को मुंबई बुलाया



और कहा कि आकर अपने पैसे ले लो, लेकिन वहां पहुंचने पर संदीप के साथ मारपीट की गई और नेहरू नगर पुलिस स्टेशन में छेड़छाड़ का मामला दर्ज करवा दिया गया।

संदीप ने अपने बैंक स्टेटमेंट और अन्य दस्तावेज पेश किए और हजारीबाग कोर्ट में सपना व उसके परिवार के खिलाफ कई धाराओं में केस दर्ज कराया। संदीप ने आरोप लगाया कि मुंबई पुलिस ने शिकायत को गंभीरता से नहीं लिया और इसे एक सिविल मामला बताकर टाल दिया।

संदीप ने यह भी आरोप लगाया कि लड़की के परिवार की ओर से उन्हें केस वापस लेने और पैसे न लौटाने की धमकियां मिलती रहीं। दोस्तों के समझाने के बाद संदीप ने जीवन में आगे बढ़ने का फैसला किया। उन्होंने नॉन-वेज खाना छोड़ दिया, काम और भगवान की भक्ति में ध्यान लगाने की कोशिश की, और मंदिर भी जाते रहे।

17 सितंबर की सुबह करीब 7 बजे संदीप ने अपने चेंबूर स्थित फ्लैट से फेसबुक लाइव किया। उसमें संदीप ने अपने शरीर पर चोट के निशान और फटी टीशर्ट दिखाते हुए कहा कि लड़की के परिवार वालों ने मारपीट की है, उसे आत्महत्या के लिए उकसाया है। संदीप ने लाइव वीडियो में कहा कि वह मानसिक प्रताड़ना और हिंसा से तंग आ चुका है। वीडियो देखने के बाद संदीप के रिश्तेदारों और दोस्तों ने पुलिस को सूचना दी, लेकिन जब तक पुलिस संदीप के फ्लैट तक पहुंची, तब तक संदीप ने फांसी लगाकर जान दे दी।

मुंबई में भगवान गणेश की 37 हजार से अधिक मूर्तियों का विसर्जन

दोपहर संवाददाता । मुंबई

मुंबई में गणेश भक्तों ने हर्ष और उल्हास के साथ अनंत चतुर्दशी के दिन 37 हजार से अधिक भगवान गणेश की मूर्तियों का विसर्जन किया गया है। भक्तों ने भगवान गणेश को अगले साल फिर से वापस आने का भी आमंत्रण दिया। पुणे में भी बुधवार को हर्ष और उल्हास के साथ गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन किया जा रहा है।

मुंबई नगर निगम के अधिकारी ने बुधवार को बताया कि मुंबई में सुबह तक विसर्जित की गई कुल मूर्तियों में से 31,105 घरेलू और 5,762 सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित मूर्तियां थीं। अधिकारियों ने कहा कि मुंबई में गणपति विसर्जन के दौरान कोई भी अप्रिय घटना नहीं हुई। मुंबई के मशहूर लालबाग के राजा का विसर्जन बुधवार को सुबह दस बजे पूरे भक्ति भाव से किया गया।

पुणे में अलका चौक पर मंगलवार को रात में डीजे को लेकर विवाद हो गया था। इसका असर विसर्जन पर पड़ा था। इसी तरह पुणे के तिलक स्ट्रीट में मंगलवार रात दस बजे से बुधवार सुबह छह बजे तक पुलिस ने गणेश विसर्जन जुलूस में डीजे

बंध करवा दिया था। इसलिए बुधवार को सुबह छह बजे से फिर से गणपति विसर्जन शुरू हुआ और 116 गणेश मंडलों का विसर्जन हो चुका है। विसर्जन जुलूस खत्म होने में अभी दो से तीन घंटे और लगने की संभावना है।

CBI अधिकारी बनकर मुंबई रेलवे कर्मी को लगाया 9 लाख का चूना

9 लाख रुपए गंवाए, फिल्मी अंदाज में ठगी

मुंबई। देश की आर्थिक राजधानी मुंबई से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है, जहां ऑनलाइन ठगों ने एक रेलवे अधिकारी से 9 लाख रुपये ठग लिए। स्कैमर्स ने रेलवे अधिकारी के सामने खुद को सीबीआई अधिकारी बताया था। स्कैमर्स ने कहा कि रेलवे अधिकारी से कहा कि उसके बैंक अकाउंट से बड़ी मात्रा में धन शोधन के लिए इस्तेमाल किया जाता है। अधिकारी को एक स्कैमर के सामने पेश किया गया, जिसने खुद को 'जज' बताकर उससे अपराध के लिए 'दंड' के तौर पर एक खास बैंक अकाउंट में पैसे जमा करने को कहा। 59 वर्षीय पीड़ित मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस में प्रिंसिपल चीफ इलेक्ट्रिकल इंजीनियर है और दक्षिण मुंबई के कोलाबा में रहता है।

कैसे की ठगी?

पुलिस ने बताया कि घटना सोमवार को हुई जब अधिकारी को एक वॉयस मैसेज मिला, जिसमें दो घंटे के भीतर उसका मोबाइल नंबर ब्लॉक करने की धमकी दी गई और आगे की पूछताछ के लिए उसे 0 डायल करने के लिए कहा गया। पीड़ित ने '0' दबाया, जिसके बाद एक वीडियो कॉल एक्टिव हो गई।

एक पुलिस अधिकारी ने बताया, कॉल करने वाले ने खुद को सीबीआई अधिकारी बताया और कहा कि वह मनी लॉन्ड्रिंग मामले में रेलवे अधिकारी की जांच करना चाहता है, क्योंकि उसका मोबाइल नंबर एक बैंक अकाउंट से जुड़ा हुआ है, जिसका इस्तेमाल घोटाले में किया गया था।

पीड़ित ने स्कैमर्स को बताया कि उसके पास दूसरा मोबाइल नंबर नहीं है। लेकिन स्कैमर्स ने अधिकारी को यह विश्वास दिलाया कि उसके नाम पर एक मोबाइल नंबर रजिस्टर है और उसे 58 लाख रुपये की लूट के लिए इस्तेमाल किए गए बैंक अकाउंट से जोड़ा गया है।

पीड़ित वीडियो कॉल पर बात करता रहा और ऑफिस में काम कर रहा था, लेकिन उसे घर वापस जाने के लिए कहा गया क्योंकि स्कैमर्स ने दावा किया कि सीबीआई अधिकारी मामले में उसकी 'जांच' करना चाहते हैं। अधिकारी घर लौट आया और सोमवार को दोपहर 2 बजे के आसपास फिर से वीडियो कॉल चालू की गई।

ऑनलाइन कोर्ट में पेश

पुलिस अधिकारी ने कहा, इस दौरान स्कैमर्स ने रेलवे अधिकारी की फैमिली बैकग्राउंड, उसके वित्त और संपत्ति के बारे में सारी जानकारी हासिल कर ली। इसके बाद आरोपी ने उससे कहा कि उसे ऑनलाइन कोर्ट में पेश किया जाएगा और जज मामले का फैसला करेंगे। अधिकारी ने कहा कि मंगलवार सुबह 9.30 बजे तक करीब 20 घंटे तक कॉल एक्टिव रही, जिसके दौरान 'जज' ने पीड़ित को बताया कि 'सीबीआई' को उसके दूसरे अकाउंट से कुछ अनधिकृत बैंक ट्रांजेक्शन मिले हैं। अपराध के लिए दंड के तौर पर अधिकारी को स्कैमर्स द्वारा दिए गए खाते में 9 लाख रुपये जमा करने के लिए कहा गया। पीड़ित ने RTGS के जरिए पैसे ट्रांसफर किए, लेकिन बाद में उसे एहसास हुआ कि उसके साथ धोखा हुआ है।

संपादकीय

केजरी का आतिशी दांव

एक बार फिर साबित हुआ कि अरविंद केजरीवाल राजनीति के चतुर सुजान हैं। वे भी आपदा को अवसर में बदलने का हुनर जानते हैं। शीर्ष अदालत से सशर्त जमानत मिलने से खुद को बंधा महसूस करते हुए उन्होंने इस्तीफे का दांव चलाकर राजनीतिक जगत में एक हलचल पैदा कर दी। वहीं पार्टी में वरिष्ठता क्रम में निचले पायदान पर खड़ी आतिशी को दिल्ली का मुख्यमंत्री बनाकर केजरीवाल ने एक बार फिर से चौंकाया है। कयास लगे थे कि अन्य वरिष्ठ पार्टी नेता मुख्यमंत्री बन सकते हैं। वहीं उनकी पत्नी को भी मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार कहा जा रहा था। दरअसल, क्षेत्रीय दलों में एक परंपरा रही है कि किसी राजनीतिक या कानूनी संकट के चलते परिवार के ही किसी सदस्य को सत्ता की बागडोर सौंप दी जाती थी। ताकि स्थितियां सामान्य होने पर फिर मुख्यमंत्री की गद्दी आसानी से वापस ली जा सके। जैसे बिहार में चारा घोटाले में घिरने के बाद लालू यादव ने पत्नी राबड़ी देवी को सत्ता की बागडोर सौंपी थी। विगत के ऐसे प्रसंग भी हैं जब कानूनी बाध्यताओं के चलते पार्टी के किसी वरिष्ठ नेता को मुख्यमंत्री का पद दिया गया तो उसकी राजनीतिक महत्वाकांक्षा हिलोरे लेने लगी। विगत में बिहार और झारखंड में ऐसे प्रसंग सामने आए। बहरहाल, केजरीवाल ने जेल से बाहर आते ही अपने तरकश से जो तीर चले हैं, वे कुल मिलाकर निशाने पर लगते नजर आए हैं। हरियाणा व जम्मू कश्मीर चुनाव समेत अन्य राष्ट्रीय मुद्दों में उलझी भाजपा व कांग्रेस पर केजरीवाल ने मनोवैज्ञानिक दबाव तो बना दिया है। दिल्ली के विधानसभा चुनाव निर्धारित समय से कुछ महीने पहले महाराष्ट्र के साथ कराने की मांग करके आप ने दिल्ली में राजनीतिक सरगर्मी बढ़ा दी है। लेकिन यदि केजरीवाल शराब घोटाले में नाम आने व गिरफ्तारी के बाद तुरंत इस्तीफा दे देते तो शायद उन्हें इसका ज्यादा लाभ मिलता, जैसे कि लालकृष्ण आडवाणी ने कतिपय राजनीतिक आरोप लगने के बाद इस्तीफा दे दिया था। बहरहाल, केजरीवाल ने दिल्ली के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा सोची-समझी रणनीति के तहत ही दिया है, ताकि आगामी विधानसभा चुनाव को अपनी ईमानदारी के जनमत संग्रह के रूप में दर्शा सकें। उनका मकसद भाजपा सरकार द्वारा दर्ज भ्रष्टाचार के आरोपों का मुकाबला करने तथा खुद को राजनीतिक प्रतिशोध के शिकार के रूप में दिखा जनता की सहानुभूति अर्जित करना भी है। निस्संदेह, जनता से ईमानदारी का प्रमाण पत्र हासिल करने की योजना उनकी दीर्घकालिक रणनीति का हिस्सा जान पड़ती है। वहीं तय समय से तीन माह पहले दिल्ली में विधानसभा चुनाव कराने की मांग करके उन्होंने जता दिया है कि आप चुनाव अभियान के लिये तैयार है। दरअसल, केजरीवाल वर्ष 2014 के इस्तीफे के दांव को दोहराना चाहते हैं, जिसके बाद 2015 में आम आदमी पार्टी को भारी जीत मिली थी। लेकिन इस बार की स्थितियां खासी चुनौतीपूर्ण व जोखिमभरी हैं। निस्संदेह, यह जुआ मुश्किल भी पैदा कर सकता है क्योंकि पिछले लोकसभा चुनाव में पार्टी को एक भी सीट नहीं मिली थी। जिसे विपक्ष ने पार्टी की घटती लोकप्रियता के रूप में दर्शाया था। दरअसल,बुनियादी प्रशासनिक ढांचे की खामियां व भाजपा के लगातार हमलों ने आप को बचाव की मुद्रा में ला खड़ा कर दिया था। वहीं दूसरी ओर आप सरकार की कल्याणकारी योजनाएं अभी भी मतदाताओं को पसंद आ रही हैं। अब आने वाला वक्त बताएगा कि इस्तीफे का पैंतरा आप को राजनीतिक रूप से कितना रास आता है। वहीं दूसरी ओर कयास लगाए जा रहे हैं कि केजरीवाल के इस पैंतरे से तेज हुई राजनीतिक सरगर्मियों का असर पड़ोसी राज्य हरियाणा में होने वाले विधानसभा चुनाव पर भी दिख सकता है। चुनाव में इंडिया गठबंधन से मुक्त आप राज्य की सभी सीटों पर ताल ठोक रही है। जिसका कुछ लाभ भाजपा को भी हो सकता है। ये आने वाला वक्त बताएगा कि चुनौतियों से जूझती पार्टी अपना जनाधार किस हद तक मजबूत कर पाती है। वहीं दूसरी ओर जनता की अदालत में दिल्ली सरकार की फ्री पानी-बिजली व सरकारी बसों में महिलाओं की मुफ्त यात्रा कराने की नीति की भी परीक्षा होनी है।

शख्सियत | सुनीता विलियम्स

सितारों तक पहुंच दुनिया को किया प्रेरित

सुनीता विलियम्स संयुक्त राज्य अमेरिका की एक प्रसिद्ध अंतरिक्ष यात्री हैं, जिन्होंने अंतरिक्ष में अपनी अविश्वसनीय उपलब्धियों से इतिहास रच दिया है। उनका जन्म 19 सितंबर, 1965 को यूक्लिड, ओहियो, यू.एस.ए. में भारतीय-अमेरिकी माता-पिता के घर हुआ था। उनके पिता दीपक पंड्या और उनकी माँ स्वाति पंड्या दोनों ही मेहनती और सहायक थे, जिन्होंने सुनीता को उनके सपनों का पीछा करने के लिए प्रोत्साहित किया।

सुनीता रोमांच और विज्ञान के प्रति प्रेम के साथ बड़ी हुईं। वह एक स्थानीय हाई स्कूल में गईं और बाद में वाशिंगटन विश्वविद्यालय में दाखिला लिया, जहाँ उन्होंने इंजीनियरिंग की डिग्री हासिल की। उड़ान के प्रति उनके जुनून ने उन्हें नौसेना में शामिल होने के लिए प्रेरित किया, जहाँ वह एक नौसेना अधिकारी और एक परीक्षण पायलट बनीं। 1998 में, सुनीता विलियम्स ने अंतरिक्ष यात्री बनने का अपना सपना तब पूरा किया जब उन्हें नासा द्वारा चुना गया। उन्होंने अंतरिक्ष मिशन की तैयारी के लिए गहन प्रशिक्षण लिया, जिसमें अंतरिक्ष यान को संचालित करना और अंतरिक्ष में जीवित रहना सीखना शामिल था। सुनीता का पहला अंतरिक्ष मिशन दिसंबर 2006 में था, जब वह स्पेस शटल डिस्कवरी पर सवार होकर अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (ISS) के लिए उड़ान भरी थी। इस मिशन के दौरान, उन्होंने छह महीने अंतरिक्ष में रहकर काम किया। वह अंतरिक्ष में जाने वाली भारतीय मूल की दूसरी महिला बनीं और उस समय किसी महिला द्वारा सबसे लंबे समय तक अंतरिक्ष में चलने का रिकॉर्ड बनाया। उनका दूसरा अंतरिक्ष मिशन जुलाई 2012 में शुरू हुआ। इस बार, उन्होंने स्पेस शटल एंडेवर पर उड़ान भरी। आईएसएस पर अपने समय के दौरान, सुनीता ने अपना महत्वपूर्ण शोध कार्य जारी रखा और कई प्रयोग किए जिससे वैज्ञानिकों को अंतरिक्ष के बारे में और अधिक जानने में मदद मिली। सुनीता विलियम्स न केवल अपने अंतरिक्ष मिशनों के लिए बल्कि अपने प्रेरक समर्पण और उपलब्धियों के लिए भी जानी जाती हैं। उन्हें अंतरिक्ष अन्वेषण में उनके योगदान के लिए कई पुरस्कार और सम्मान मिले हैं। सुनीता की कहानी इस बात का उदाहरण है कि कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प असाधारण लक्ष्यों को प्राप्त करने में कैसे मदद कर सकते हैं। वह युवा लोगों, खासकर महिलाओं के लिए एक आदर्श बनी हुई हैं, जो सितारों तक पहुँचने का सपना देखते हैं। उनकी उपलब्धियां दुनिया भर के कई लोगों को जुनून और दृढ़ता के साथ अपने सपनों को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करती हैं।

आसमान को कूड़ाघर बनने से बचाएं

वीरेन्द्र कुमार पैन्यूली

जब भी साफ हवा, नीला आसमान, पृथ्वी दिवस, पर्यावरण दिवस जैसे अवसर आते हैं, तो हम पृथ्वी के हित में अपने दायित्वों की बात करते हैं। भाषणबाज़ी से अलग, पृथ्वी के हित में हम सबसे महत्वपूर्ण कदम यह उठा सकते हैं कि आसमान को कूड़ा घर न बनाएं। जगह-जगह विशाल कूड़े के पहाड़, लैंडफिल्स में आग लगना और कई दिनों तक घुटन भरा धुआं उगलना यह दर्शाता है कि कूड़ा सिर्फ जमीन पर नहीं, बल्कि आसमान में भी अपनी जगह बना रहा है। प्लास्टिक इस संदर्भ में एक बड़ा खलनायक है। जलने के साथ-साथ माइक्रो-प्लास्टिक के छोटे कण भी वायुमंडल में पहुंचते हैं। हाल ही में एक आम दृश्य यह देखा जा रहा है कि लोग सड़कों पर पत्तियां इकट्ठा करके उन्हें जलाते हैं। चुनावी सामग्री का कूड़ा भी सड़कों पर फैल जाता है और उसे भी जला दिया जाता है। इस धुएं का आसमान में फैलना, हमें यह बताता है कि हम अपने कूड़े को सीधे आसमान में भेज रहे हैं। देशभर में विकास की दौड़ में वायु गुणवत्ता लगातार गिरती जा रही है। निर्माण कार्यों, कोयला बिजली उत्पादन, और ईंट-भट्ठों से उड़ने वाली धूल और कणीय प्रदूषक वायु गुणवत्ता को प्रभावित कर रहे हैं। जब वायु गुणवत्ता खराब हो जाती है, तो धूल और कणीय प्रदूषकों को रोकने के लिए जाली व कपड़े की दीवारें लगाई जाती हैं। नगरों में कूड़ा जलाने वाले संयंत्र और सड़क सफाई की मशीनें भी वायु में प्रदूषकों का अम्बार छोड़ देती हैं। वातावरण में धूल और कणीय प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए पानी का छिड़काव और एंटी-स्मॉग गन्स का उपयोग किया जा रहा है, लेकिन अधिकांश राज्य सरकारें विशेषकर ठंड के मौसम में इन प्रदूषणों के खिलाफ प्रभावी कदम उठाने में असमर्थ रहती हैं। अंततः स्कूलों और कार्यालयों को बंद करना पड़ता है। राजनीतिक कारणों से निर्माण कार्यों और कूड़े के ढेर की अनदेखी होती है, जिससे प्रदूषण और बढ़ जाता है। वायु में कणीय प्रदूषण स्वास्थ्य के लिए बड़ा खतरा है। इससे बीमारियों में वृद्धि होती है। ये कण पानी में भी जमते हैं और वहां से मिट्टी और घास में पहुंच जाते हैं, जो जानवरों के भोजन में भी शामिल हो जाते हैं। वैश्विक स्तर पर 90 प्रतिशत लोग प्रदूषित हवा में सांस लेते हैं और हर साल वायु प्रदूषण के कारण लगभग 7.9 मिलियन लोग समय से पहले मर जाते हैं, खासकर कम और मध्यम आय वाले देशों में। अत्यंत महीन कणीय प्रदूषकों को नियंत्रित करना अत्यावश्यक है। 7 अक्तूबर, 2019 को यूरोप और अमेरिका के देशों ने एक साझा अनुबंध पर हस्ताक्षर किए, जिसमें सल्फर डाइऑक्साइड, नाइट्रोजन ऑक्साइड, और अमोनिया जैसे प्रदूषकों के अलावा पीएम 2.5 कणीय प्रदूषकों के उत्सर्जन को भी तय सीमा में बांधने का फैसला किया गया। हालांकि, कणीय प्रदूषण केवल भौतिक परिमाण से नहीं मापा जाता, उसकी रासायनिक प्रकृति भी महत्वपूर्ण होती है। प्लास्टिक, कागज और रबर जलने पर उनके कणीय प्रदूषक भी हवा में चले जाते हैं।

भारत में नाइट्रोजन डाइऑक्साइड प्रदूषण उच्चतम है, और इसके कारण तेजाबी बारिश होती है। पेड़ों की पत्तियों पर प्रदूषण बैठ जाता है और उन्हें नुकसान पहुंचाता है। आसमान को कूड़ाघर बनने से बचाने के लिए व्यक्तिगत और पारिवारिक स्तर पर सुधार आवश्यक हैं। सार्वजनिक परिवहन का उपयोग, वाहन ठीक रखना, और कूड़ा जलाने से बचना ये सभी व्यक्तिगत जिम्मेदारियां हैं। दुनियाभर में बढ़ते ऊर्जा की मांग के कारण बड़े प्रदूषणकारी देश जीवाश्म ईंधन के उपयोग को कम करने के लिए तैयार नहीं हैं। भारत, जिसमें दुनिया के सबसे अधिक प्रदूषित शहर शामिल हैं, भी कोयले के उत्पादन को बढ़ाने की योजना बना रहा है। इससे कणीय प्रदूषण और बढ़ेगा। नवीनतम खतरा माइक्रो-प्लास्टिक के वायुमंडल में पहुंचने का है। प्लास्टिक पर पाबंदी और इसके कम उपयोग से माइक्रो-प्लास्टिक भी कम होगा। हमें हताशा से बाहर निकलना होगा और अपनी आदतों में सुधार करना होगा। कूड़ा जलाने, पटाखे जलाने, धुआं छोड़ते वाहनों का उपयोग करने से बचना होगा। छोटे-छोटे बदलाव भी महत्वपूर्ण हैं, जैसे कूड़ा जलाने पर रोक और उचित कूड़ा प्रबंधन। प्राकृतिक कारणों से भी कणीय प्रदूषण बढ़ता है, जैसे आंधी-तूफान, खनन और ज्वालामुखी विस्फोट। पेड़ों की संख्या बढ़ाकर प्रदूषण को कम किया जा सकता है। अंततः, यदि हम कूड़ा करते रहें और सरकारों पर आरोप लगाते रहें कि वे प्रदूषण कम करने में असफल हैं, तो यह हमारे लिए हानिकारक होगा। हर व्यक्ति का जिम्मेदारी समझना जरूरी है ताकि प्रदूषित हवा की समस्या कम की जा सके। जैसे हम अपने जलस्त्रोतों को प्रदूषित नहीं करना चाहते, वैसे ही आसमान को भी प्रदूषण से बचाना चाहिए। हमें यह समझना होगा कि प्रदूषण केवल एक राजनीतिक या सामाजिक समस्या नहीं, बल्कि यह हमारे स्वास्थ्य और जीवन की गुणवत्ता पर भी प्रभाव डालता है।

विचारों को शांत करने के लिए 'यीशु प्रार्थना' बहुत सहज चीज़ हैं। क्योंकि विचारों की स्थिति आज्ञा स्थिति होती हैं। अतः प्रातः काल यीशु-प्रार्थना या श्री गणेशजी का मंत्र लेना याद रखें। दोनों एक ही बात है।

सहज योग

सहज योग में सुबह का ध्यान

प्रातः काल उठें स्नान करके बैठ जाएं। चाय यदि लेना चाहें तो ले लें, बातें न करें। प्रातः काल बिल्कुल बातें न करें, बैठ जाएं और ध्यान करें। इस समय दैवी किरणें आती हैं और उसके पश्चात सूर्योदय होता है। पक्षी भी इसी प्रकार जागते हैं और पुष्प भी। सभी इन दिव्य किरणों से जागते हैं। आप भी यदि संवेदनशील हैं, तो आप महसूस करेंगे की सुबह उठने से आप अपनी आयु से दस वर्ष छोटे लगेंगे। प्रातः काल जागना इतनी अच्छी चीज़ हैं और फिर स्वतः ही आप रात को जल्दी सो जाएंगे। यह जागने के विषय में है, सोने के विषय में मुझे बताने की कोई आवश्यकता नहीं क्योंकि सो तो आप जाएंगे ही। प्रातः काल आप केवल ध्यान करें। ध्यान मैं अपने को शांत करने का प्रयत्न करें। आंखे खोलकर मेरी (श्री माताजी) फोटो को देखें और निश्चित रूप से अपने विचारों को शांत कर लें। विचारों को शांत करने के पश्चात ध्यान में जाएं। विचारों को शांत करने के लिए 'यीशु प्रार्थना' बहुत सहज चीज़ हैं। क्योंकि विचारों की स्थिति आज्ञा स्थिति होती हैं। अतः प्रातः काल यीशु-प्रार्थना या श्री गणेशजी का मंत्र लेना याद रखें। दोनों एक ही बात है। आप ये भी कह सकते हैं, 'कि मैंने क्षमा किया।' यह कार्य करता है और आप निर्विचार समाधि में चले जाते हैं। अब आप ध्यान करें। इस अवस्था से पहले ध्यान नहीं होता। अतः सर्वप्रथम आप निर्विचार चेतना में चले जाएं, तभी अध्यात्मिक उत्थान आरम्भ होता है। निर्विचारिता की अवस्था प्राप्त करने के पश्चात, इससे पहले नहीं। आपको यह जान लेना चाहिए, तार्किकता के स्तर पर आप सहजयोग में उन्नत नहीं हो सकते। अतः निर्विचार अवस्था में स्थापित होना पहली आवश्यकता है। अभी आपको महसूस होगा की किसी विशेष चक्र में रूकावट बनी हुई है, इसे भूल जाएं, भुला दीजिए इसे। अब आप समर्पण आरम्भ करें। कोई चक्र पकड़ रहा है तो आपको कहना चाहिए-श्री माताजी मैं आपके प्रति समर्पित हूं। अन्य विधियां अपनाने के स्थान पर आप केवल इतना कह दीजिए। यह समर्पण तर्कयुक्त नहीं होना चाहिए। तर्क युक्ति से अब भी यदि आप ये सोचते हैं कि 'मुझे ऐसा क्यों कहना चाहिए 'तो कहने का कोई लाभ न होगा। आपके हृदय मैं यदि पवित्रता औए प्रेम है तो यही सर्वोतम है। पावन प्रेम ही समर्पण है, अपनी सभी चिंताएं अपनी मां पर छोड़ दीजिए। फिर भी यदि कोई विचार आ रहे हैं या आपका कोई चक्र पकड़ रहा है, तो बस समर्पण कर दें। आप देखोगे कि आपका चक्र साफ़ हो गया है। प्रातः काल आप इधर-उधर न होते रहें, अपने हाथों को भी बहुत अधिक न हिलाएं। आप देखोगे कि ध्यान से ही आपके अधिकतर चक्र साफ़ हो गए हैं।

प्रस्तुति : धीरज सिंह

जीवन ऊर्जा | सर विलियम गेराल्ड गोल्डिंग : जन्म 19 सितंबर 1911 | जन्म

सबसे बड़े विचार सबसे सरल होते हैं

सर विलियम गेराल्ड गोल्डिंग एक ब्रिटिश उपन्यासकार, नाटककार और कवि थे। उनका जन्म 19 सितंबर 1911 में हुआ था। वे अपने पहले उपन्यास लॉर्ड ऑफ द फ्लाईज़ (1954) के लिए सबसे ज्यादा जाने जाने वाले थे। 1980 में उन्हें राइट्स ऑफ पैसेज के लिए बुकर पुरस्कार से सम्मानित किया गया। साहित्य में उनके योगदान के परिणामस्वरूप, गोल्डिंग को 1988 में 'नाइट' की उपाधि दी गई। 2008 में, द टाइम्स ने 1945 के बाद से 50 महानतम ब्रिटिश लेखकों की सूची में गोल्डिंग को तीसरा स्थान दिया। उनकी मृत्यु 19 जून 1993 में हुई।

तथ्य की धधकती शायरी में हम सितारों की संतान हैं। जीवन की यात्रा साइकिल की सवारी करने वाले आदमी की तरह है। मुझे लगता है कि महिलाओं का यह दिखावा करना मूर्खता हैं कि वे पुरुषों के बराबर हैं, वे पुरुषों से बहुत श्रेष्ठ हैं और हमेशा रही हैं। कोई भी मानवीय प्रयास कभी भी पूर्ण रूप से अच्छा नहीं हो सकता; इसकी हमेशा कीमत चुकानी पड़ती है। दृष्टि के क्षण में, आंखें कुछ भी नहीं देखती हैं। सबसे बड़े विचार सबसे सरल होते हैं। मेरा मानना है कि मनुष्य अपने स्वयं के स्वभाव की भयावह अज्ञानता से ग्रस्त है। हमारे स्वभाव में विषमता है; हम



एक दूसरे को चोट पहुंचाएं बिना एक साथ नहीं रह सकते। बात यह है- डर आपको एक सपने से ज्यादा चोट नहीं पहुंचा सकता है। मैं स्वभाव से आशावादी हूं और बौद्धिक विश्वास से निराशावादी हूं। कला आंशिक रूप से संचार है, लेकिन केवल आंशिक रूप से, बाकी सब एक खोज है। शायद कोई जानवर है; शायद हम ही हैं। मनुष्य जो करता है वह उसे अशुद्ध करता है, न कि वह जो दूसरे उसके साथ करते हैं। बचपन एक बीमारी है - एक बीमारी जिससे आप आगे बढ़ते हैं। क्या बेहतर है- कानून होना और उससे सहमत होना, या फिर शिकार करना और मारना? हम अपने वर्तमान स्वयं के बारे में ज्यादा नहीं जानते हैं, है ना? चमत्कार में विश्वास करना आसान है। हम उस महान नीले सफेद गहना के बच्चे हैं।

प्रेरक प्रसंग

सबसे कीमती वस्तु

एक राजा महेन्द्रनाथ हर वर्ष अपने राज्य में एक प्रतियोगिता का आयोजन करते थे, जिसमें हजारों की संख्या में प्रतियोगी भाग लिया करते थे और विजेता को पुरुस्कार से सम्मानित किया जाता है। एक दिन राजा ने सोचा कि प्रजा की सेवा को बढ़ाने के लिए उन्हें एक राजपुरूष की आवश्यकता है जो बुद्धिमान हो और समाज के कार्य में अपना योगदान दे सके। उन्होंने राजपुरूष की नियुक्ति के लिए एक प्रतियोगिता आयोजित करने का फैसला किया। दूर-दूर से इस बार लाखों की तादात में प्रतियोगी आये हुए थे। राजा ने इस प्रतियोगिता के लिए एक बड़ा-सा उद्यान बनवाया था, जिसमें राज-दरबार की सभी कीमती वस्तुएं थीं, हर प्रकार की सामग्री उपस्थित थी, लेकिन किसी भी वस्तु के सामने उसका मूल्य निश्चित नहीं किया गया था। राजा ने प्रतियोगिता आरम्भ करने से पहले एक घोषणा की, जिसके अनुसार जो भी व्यक्ति इस उद्यान से सबसे कीमती वस्तु लेकर राजा के सामने उपस्थित होगा उसे ही राजपुरूष के लिए स्वीकार किया जाएगा। प्रतियोगिता आरम्भ हुई। सभी उद्यान में सबसे अमूल्य वस्तु तलाशने में लग गए, कई हीरे-जवाहरात लाते, कई सोने-चांदी, कई लोग पुस्तकें, तो कोई भगवान की मूर्ति, और जो बहुत गरीब थे वे रोटी, क्योंकि उनके लिए वही सबसे अमूल्य वस्तु थी। सब अपनी क्षमता के अनुसार मूल्य को सबसे ऊपर आंकते हुए राजा के सामने उसे प्रस्तुत करने में लगे हुए थे। तभी एक नौजवान राजा के सामने खाली हाथ उपस्थित हुआ। राजा ने सबसे प्रश्न करने के उपरान्त उस नौजवान से प्रश्न किया- अरे! नौजवान, क्या तुम्हें उस उद्यान में कोई भी वस्तु अमूल्य नजर नहीं आई? तुम खाली हाथ कैसे आये हो? "राजन! मैं खाली हाथ कहाँ आया हूँ, मैं तो सबसे अमूल्य धन उस उद्यान से लाया हूँ।" – 'नौजवान बोला।

"तुम क्या लाये हो?"- राजा ने पूछा।

"मैं संतोष लेकर आया हूँ महाराज!"- नौजवान ने कहा। क्या, "संतोष", इनके द्वारा लाये गए इन अमूल्य वस्तुओं से भी मूलयवान है?- राजा ने पुनः प्रश्न किया। जी हाँ राजन! इस उद्यान में अनेकों अमूल्य वस्तुएं हैं पर वे सभी इंसान को क्षण भर के लिए सुख की अनुभूति प्रदान कर सकती हैं। इन वस्तुओं को प्राप्त कर लेने के बाद मनुष्य कुछ और ज्यादा पाने की इच्छा मन में उत्पन्न कर लेता है अर्थात इन सबको हासिल करने के बाद इंसान को ख़ुशी तो होगी लेकिन वह क्षण भर के लिए ही होगी। लेकिन जिसके पास संतोष का धन है, संतोष के हीरे-जवाहरात हैं वही इंसान अपनी असल जिंदगी में सच्चे सुख की अनुभूति और अपने सभी भौतिक इच्छाओं पर नियंत्रण कर सकेगा।" – नौजवान ने शांत स्वर में उत्तर देते हुए कहा। नौजवान को लाखों लोगों में चुना गया और उसे राजपुरूष के लिए सम्मानित किया गया।

सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश

गया श्राद्ध करने वालों का भ्रमनिवारण

जीवतो वाक्यकरणात् क्षयाहे भूरिभोजनात्।
गयायां पिण्डदानाच्च त्रिभिः पुत्रस्य पुत्रता।।

अर्थात्- जब तक माता पिता जीवित रहें तब तक माता पिताकी आज्ञापालन करे, माता पिताकी मृत्युके बाद शास्त्रोचित और्ध्व दैहिककर्म करे, और फिर गयामें पिंडदान करे वही वास्तवमें पुत्रपद वाच्य है।

गयाश्राद्ध करनेके बाद भी महालय आश्विन कृष्ण पक्षमेंपितृपक्षमें होने वालाश्राद्ध, सांवत्सरिकैकोद्दिष्टश्राद्ध माता पिताकी मृत्युतिथि उसी मासमें होने वाला श्राद्धआदिको अवश्य करना चाहिए।

गयाश्राद्धनित्यश्राद्धत्वात् प्रतिवर्ष करणीय है अर्थात् श्राद्ध तो प्रतिवर्ष करना चाहिए। जब श्राद्ध ही प्रतिवर्ष करणीय है तो और श्राद्ध तो कैमुतन्यायेन स्वतःही सिद्ध हो गये। गयाश्राद्ध करनेके बाद अन्य श्राद्ध साध्यको न करनेसे बड़ा भारी प्रत्यवाय यानी दोष लगता है। या अनजान पंडितोंके कहने पर श्राद्ध बंद नहीं करना चाहिए।

क्या करना है क्या नहीं करना है इसमें

कोई पंडे या कोई पंडित या बाबाजी अथवा किसीका मन या भावना प्रमाणित नहीं होती। इन श्राद्धादि समस्त धर्मकृत्योंमें तो केवल शास्त्रही प्रमाणित हैं-

तस्माच्छास्त्रं प्रमाणं ते कार्याकार्यव्यवस्थितौ।
यः शास्त्रविधिमुत्सृज्य वर्तते कामकारतः।
न स सिद्धिमवाप्नोति न सुखं न परां गतिम्।।

धर्म व ब्रह्मके विषयमें किसी भी प्रकारकी विचिकित्सा होने पर केवल वेद ही प्रमाणित होते हैं। क्योंकि धर्म व ब्रह्म केवल वेदैकसमधिगम्य हैं इसीलिए ही वेदोंकी वेदता है प्रत्यक्षेणानुमित्या वा यस्तूपायो न बुद्ध्यते।
एनं विदन्ति वेदेन तस्माद् वेदस्य वेदता।।

गया श्राद्ध करनेके बाद कोई भी श्राद्ध करनेकी जरूरत नहीं है ऐसा कहना बिल्कुल गलत है शास्त्र विरुद्ध है क्योंकि इसमें कोई भी शास्त्रवचन प्रमाणित नहीं है।

हां यह जरूर है कि यदि कोई सज्जन गयामें श्राद्ध करके, नैमिषारण्यमेंचक्रतीर्थमें श्राद्ध करे, बादमें बद्रीनाथमें ब्रह्मकपालीमें श्राद्ध करे तो उसके बाद भी अपने पिताका केवल वही पुत्र जिसने श्राद्ध किया हुआ है वह अपने जीवनकालमें पिण्डदानात्मकश्राद्ध न करे परंतु ब्राह्मणभोजनात्मकश्राद्ध तो वह भी करे।

आजकल तो सपात्रकश्राद्ध, पिण्डदानात्मकश्राद्ध तो लुप्त प्रायः ही हो गये हैं।

सारांश मुख्यबात यही है कि केवल गयाश्राद्ध करनेके बाद भी अन्यश्राद्ध, तर्पणादि कर्म अवश्य ही करने चाहिए, जो लोग नहीं करते हैं वे शास्त्रविरुद्धाचरण करने वाले हैं।

पंडित कैलाशचंद्र शर्मा
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुणलाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : **indiagroundreport@gmail.com कार्यकारी संपादक :** राजा आदाटे (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)।

पॉडकास्ट मार्केटिंग में करियर

आसान सफर, सुनहरा अवसर

भारत में पॉडकास्टिंग का तेजी से विकास हुआ है और इस विकास के साथ ही नए करियर के अवसर भी सामने आए हैं। ऐसा ही एक अवसर है पॉडकास्ट मार्केटिंग। अगर आप इस क्षेत्र में करियर की तलाश कर रहे हैं, तो यहां एक सरल गाइड है जो आपको यह समझने में मदद करेगी कि इसमें क्या शामिल है और आप कैसे शुरुआत कर सकते हैं।

पॉडकास्ट मार्केटिंग क्या है?

पॉडकास्ट मार्केटिंग पॉडकास्ट को बढ़ावा देने की प्रक्रिया है ताकि उनके दर्शकों की संख्या बढ़े और वे सफल हों। यह लोगों को पॉडकास्ट के बारे में जागरूक करने, उन्हें सुनने के लिए प्रोत्साहित करने और पॉडकास्ट की लोकप्रियता बढ़ाने के बारे में है। इसमें सोशल मीडिया, ब्लॉग, ईमेल कैंपेन और यहां तक कि प्रभावशाली लोगों के साथ सहयोग करके पॉडकास्ट को बढ़ावा देना शामिल हो सकता है।

पॉडकास्ट मार्केटिंग का बढ़ता चलन

पॉडकास्ट इन दिनों काफी लोकप्रिय हो रहे हैं, खासकर युवा दर्शकों के बीच जो चलते-फिरते कंटेंट सुनना पसंद करते हैं। लोग यात्रा करते समय, काम करते समय या आराम करते समय पॉडकास्ट सुनते हैं। स्मार्टफोन और किफायती इंटरनेट के उदय के साथ, ज्यादा से ज्यादालोग मनोरंजन और सीखने के रूप में पॉडकास्ट की खोज कर रहे हैं। ब्रांड और कंपनियां भी विशिष्ट दर्शकों तक पहुंचने के लिए पॉडकास्ट की शक्ति को पहचान रही हैं। यही कारण है कि पॉडकास्ट मार्केटिंग महत्वपूर्ण हो गई है।

अगर किसी पॉडकास्ट के पास अच्छी संख्या में फॉलोअर हैं, तो कंपनियां उसे प्रायोजित कर सकती हैं या उस पर विज्ञापन दे सकती हैं, जिससे पॉडकास्ट क्रिएटर और मार्केटर दोनों को रेवेन्यू मिल सकता है।

पॉडकास्ट मार्केटिंग में करियर कैसे शुरू करें

मूल बातें सीखें: पॉडकास्टिंग के बारे में ही सीखकर शुरुआत करें। समझें कि पॉडकास्ट कैसे बनाए जाते हैं, होस्ट किए जाते हैं और वितरित किए जाते हैं। इससे आपको उनकी मार्केटिंग के लिए एक अच्छा आधार मिलेगा।

ऑनलाइन कोर्स करें: ऐसे कई ऑनलाइन कोर्स उपलब्ध हैं जो पॉडकास्ट मार्केटिंग, डिजिटल मार्केटिंग और सोशल मीडिया रणनीतियां सिखाते हैं। ये कोर्स आपको ज़रूरी कौशल विकसित करने में मदद कर सकते हैं।

व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करें: छोटे प्रोजेक्ट पर काम करने की कोशिश करें या पॉडकास्टर या मार्केटिंग एजेंसियों के साथ इंटर्नशिप करें। इससे आपको व्यावहारिक अनुभव मिलेगा, जो इस क्षेत्र में बहुत महत्वपूर्ण है।

अपडेट रहें: डिजिटल मार्केटिंग के रुझान तेज़ी से बदलते हैं, इसलिए नवीनतम टूल और रणनीतियों पर अपडेट रहना महत्वपूर्ण है। पॉडकास्ट, ब्लॉग या प्रभावशाली लोगों को फ़ॉलो करें जो पॉडकास्ट मार्केटिंग के बारे में जानकारी साझा करते हैं।

नेटवर्क बनाएं: अन्य पॉडकास्टर्स, मार्केटर्स और कंटेंट क्रिएटर्स से जुड़ना आपको इस क्षेत्र में आगे बढ़ने में मदद कर सकता है। संबंध बनाने के लिए इवेंट, वेबिनार में भाग लें या ऑनलाइन समुदायों में शामिल हों।

पॉडकास्ट मार्केटिंग करियर के लिए ज़रूरी कौशल

पॉडकास्ट मार्केटिंग में करियर बनाने के लिए, आपको क्रिएटिविटी, कम्युनिकेशन स्किल और डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म की समझ की ज़रूरत होगी। यहां कुछ मुख्य कौशल दिए गए हैं जिन पर आपको ध्यान देना चाहिए।

सोशल मीडिया मार्केटिंग: इंस्टाग्राम, फेसबुक, ट्विटर और लिंक्डइन जैसे सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म पॉडकास्ट को बढ़ावा देने में अहम भूमिका निभाते हैं। आपको यह जानना होगा कि लोगों का ध्यान खींचने वाली और उन्हें पॉडकास्ट सुनने के लिए प्रोत्साहित करने वाली आकर्षक सामग्री कैसे बनाई जाए।

कंटेंट क्रिएशन: पॉडकास्ट को बढ़ावा देने के लिए दिलचस्प विवरण, ब्लॉग पोस्ट या यहां तक कि छोटे वीडियो बनाना भी ज़रूरी है। आपको पॉडकास्ट के सार को इस तरह से संप्रेषित करने में सक्षम होना चाहिए कि श्रोताओं को आकर्षित किया जा सके।

SEO (सर्च इंजन ऑप्टिमाइज़ेशन): सर्च इंजन कैसे काम करते हैं, यह समझना पॉडकास्ट को सर्च रिजल्ट में दिखने में मदद कर सकता है। इसमें सही कीवर्ड का इस्तेमाल करना और पॉडकास्ट कंटेंट को ऑप्टिमाइज़ करना शामिल है ताकि यह ज्यादा लोगों तक पहुंच सके।

सहयोग: प्रभावशाली लोगों या अन्य पॉडकास्टरों के साथ साझेदारी करने से पॉडकास्ट की मार्केटिंग में मदद मिल सकती है। इन लोगों के साथ संबंध बनाना दर्शकों को बढ़ाने की कुंजी है।

विश्लेषणात्मक कौशल: आपको यह ट्रैक करने में सक्षम होना चाहिए कि कितने लोग पॉडकास्ट सुन रहे हैं और क्या मार्केटिंग रणनीतियां काम कर रही हैं। इससे मार्केटिंग अभियानों को बेहतर बनाने में मदद मिलती है।

भारत में पॉडकास्ट मार्केटिंग का भविष्य

भारत में पॉडकास्ट मार्केटिंग का भविष्य उज्ज्वल दिखता है। पॉडकास्ट श्रोताओं की बढ़ती संख्या के साथ, कुशल पॉडकास्ट मार्केटर्स की मांग बढ़ने की संभावना है। जैसे-जैसे ज्यादा ब्रांड पॉडकास्ट में निवेश करेंगे, पॉडकास्ट को सफल बनाने में मार्केटर्स के लिए ज्यादा अवसर होंगे।

▶▶ नीलम राम अवध

यूपीएससी इंजीनियरिंग सेवा परीक्षा का नोटिफिकेशन जारी

BTech व BE डिग्रीधारकों के लिए अच्छा मौका

यूपीएससी की इंजीनियरिंग सेवा परीक्षा 2025 का नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। इच्छुक उम्मीदवार upsconline.nic.in पर जाकर आज 18 सितंबर से 8 अक्टूबर 2024 तक आवेदन कर सकते हैं। संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की इंजीनियरिंग सेवा परीक्षा 2025 का नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। इच्छुक उम्मीदवार upsconline.nic.in पर जाकर 18 सितंबर से 8 अक्टूबर 2024 तक आवेदन कर सकते हैं। इस भर्ती से सिविल, मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड टेलीकम्युनिकेशंस इंजीनियरिंग में इंजीनियरिंग सर्विस के तहत ग्रुप ए व बी के 232 पदों पर भर्ती की जाएगी। इंजीनियरिंग सेवा प्रारंभिक परीक्षा का आयोजन 8 फरवरी 2025 को होगा।

योग्यता

इंजीनियरिंग में डिग्री जैसे बीई/ बीटेक। (योग्यती से जुड़ी विस्तृत जानकारी के लिए नोटिफिकेशन जरूरी देखें)

आयु सीमा

21 वर्ष से 30 वर्ष। यानी आवेदक का जन्म 2 जनवरी 1995 से पहले और 1 जनवरी 2004 के बाद न हुआ हो। एससी व एसटी वर्ग के अभ्यर्थियों को अधिकतम आयु सीमा में 5 वर्ष और ओबीसी को तीन वर्ष की छूट मिलेगी।

चयन: प्रीलिम्स एग्जाम, मेन्स एग्जाम और इंटरव्यू। प्रीलिम्स एग्जाम में ऑब्जेक्टिव टाइप प्रश्न पूछे जाएगे। जबकि मेन्स में कन्वेंशनल टाइप प्रश्न होंगे।

फीस : सामान्य व ओबीसी – 200 रुपये एससी, एसटी व दिव्यांग – निशुल्क

CBSE बोर्ड एग्जाम 2025

9वीं और 11वीं क्लास के स्टूडेंट्स कराएं रजिस्ट्रेशन

अंतिम तिथि 16 अक्टूबर 2024

साल 2025 में CBSE बोर्ड एग्जाम देने वाले 9वीं और 11वीं के स्टूडेंट्स आज से cbse.gov.in रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। स्टूडेंट्स 16 अक्टूबर तक बिना लेट फीस के फॉर्म भर सकते हैं। आधिकारिक वेबसाइट पर जारी किए नोटिस के मुताबिक 2025-26 के सेशन में 10वीं-12वीं के लिए सिर्फ वही बच्चे बोर्ड एग्जाम दे पाएंगे जो अभी रजिस्ट्रेशन कराएंगे। नोटिस में यह भी कहा गया है कि स्टूडेंट्स का रजिस्ट्रेशन कराने से पहले स्कूल भी खुद को आधिकारिक वेबसाइट पर रजिस्टर करा लें।

स्टूडेंट्स कहीं और रजिस्टर्ड न हों

बोर्ड ने नोटिस में यह भी कहा कि स्कूल ये सुनिश्चित कर लें कि स्टूडेंट्स किसी अनऑथराइज्ड स्कूल या CBSE के अलावा किसी दूसरे बोर्ड के साथ रजिस्टर्ड न हों। साथ ही स्टूडेंट्स जिस स्कूल के जरिए रजिस्ट्रेशन करा रहे हैं, वहां नियमित रूप से क्लास अटेंड कर रहे हों। बोर्ड ने स्कूलों को निर्देश दिया है कि स्टूडेंट्स का नाम, माता-पिता या गार्जियन का नाम, सब्जेक्ट्स का नाम और दूसरी डिटेल्स सही हों, ये सुनिश्चित करें।

केनरा बैंक में 3000 पदों पर निकली नौकरी

केनरा बैंक में 3000 पदों पर अप्रेंटिस पदों पर भर्ती निकाली है। आवेदन प्रक्रिया 21 सितंबर से 4 अक्टूबर, 2024 तक चलेगी। आवेदन करने के लिए canarabank.com पर जाना होगा।

अगर आपका सपना भी बैंक में नौकरी करने का है तो आपके लिए बैंक में नौकरी पाने का एक सुनहरा मौका आ गया है। केनरा बैंक में 3000 अप्रेंटिस पदों पर बंपर भर्ती निकाली गई है। आवेदन करने के लिए इच्छुक और योग्य कैंडिडेट को ऑफिशियल वेबसाइट canarabank.com पर जाना होगा और आवेदन करने की प्रक्रिया 21 सितंबर से लेकर 4 अक्टूबर, 2024 तक चलेगी। आवेदन करने से पहले उम्मीदवार को nats.education.gov.in पर जाकर अपना रजिस्ट्रेशन करना होगा। पोर्टल पर जिन भी कैंडिडेट की 100 फीसदी पूरी प्रोफाइल होगी, वे ही आवेदन करने के लिए योग्य होंगे।

इस भर्ती प्रक्रिया के जरिए पूरे देश के विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में उम्मीदवारों की 3000 अप्रेंटिस पदों पर भर्ती की जाएगी। जिसमें 1302 पद जनरल कैटेगरी के हैं। ओबीसी कैटेगरी के उम्मीदवारों के लिए 740 पद, एससी के लिए 479 पद, एसटी के लिए 184 पद, EWS के लिए 295 पद और PwBD के लिए 112 पदों को आरक्षित किया गया है।

आवेदन करने की योग्यता

- उम्मीदवार की न्यूनतम उम्र 20 साल और अधिकतम उम्र 28 साल तक होनी चाहिए। उम्मीदवार का जन्म 1 सितंबर, 1996 से पहले और 1 सितंबर, 2004 के बाद का नहीं होना चाहिए। आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों को अधिकतम आयु सीमा में छूट प्रदान की गई है।
- उम्मीदवार के पास किसी मान्यता प्राप्त यूनिवर्सिटी या कॉलेज से किसी भी विषय में ग्रेजुएशन की डिग्री होनी चाहिए।
- इसके अलावा जिस भी उम्मीदवार का nats.education.gov.in वेबसाइट पर 100 फीसदी पूरी प्रोफाईल होगी, वे ही आवेदन करने के लिए योग्य होंगे।

राशिफल

प्रियंका जैन

मेष नए मित्र बनेंगे। कोर्ट व कचहरी के कार्य मनोनुकूल रहेंगे। लाभ के अवसर अवसर बढ़ेंगे। समस्याएं कम होंगी। मान-सम्मान मिलेगा। मित्र व रिश्तेदारों से संबंध सुधरेंगे। बुद्धि का प्रयोग करें। व्यापार-व्यवसाय व नौकरी से अनुकूलता बनी रहेगी।

वृष जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। आत्मसम्मान बना रहेगा। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। आय में वृद्धि होगी। नए मित्र बनेंगे। जीवन सुखमय व्यतीत होगा।

मिथुन वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। अकारण क्रोध व उत्तेजना रह सकते हैं। बेवजह किसी से विवाद हो सकता है। बुरी खबर मिल सकती है। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। काम में मन नहीं लगेगा। मन में संवेदनशीलता अधिक रहेगी।

कर्क प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। कोर्ट व कचहरी के कामों की रुकावट दूर होगी। स्थिति मनोनुकूल रहेगी। कारोबार में लाभ वृद्धि होगी। नौकरी में सहकर्मी साथ देंगे। घर-परिवार की चिंता बनी रहेगी। निवेश में लाभ होगा।

सिंह मेहनत का पूरा-पूरा फल मिलेगा। काम में उत्साह व प्रसन्नता से ध्यान दे पाएंगे। वाद-विवाद से अपना पक्ष मजबूत कर पाएंगे। मित्रों का सहयोग कर पाएंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा।

कन्या नई योजना बनेगी। कार्यस्थल पर सुधार व परिवर्तन हो सकता है। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल रहेंगे। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। सुख के साधनों की प्राप्ति की कोशिशें कामयाब रहेंगी। नए काम हाथ में आएंगे। धन प्राप्ति सुगम होगी।

तुला चोट व दुर्घटना से हानि की आशंका बनती है। आशंका-कुशंका के चलते कार्य प्रभावित होंगे। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। विवाद को बढ़ावा न दें। झंझटों से दूर रहें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। आर्थिक परेशानी आ सकती है।

वृश्चिक भूमि व भवन संबंधी बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति निर्मित होगी। कोई बड़ा सौदा बड़ा लाभ दे सकता है। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल चलेगा। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे।

धनु रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। भेंट व उपहार की प्राप्ति होगी। व्यापार-व्यापार अच्छा चलेगा। निवेश शुभ रहेगा। नौकरी में अधिकार बढ़ सकते हैं। व्यावसायिक यात्रा मनोनुकूल रहेगी।

मकर विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। यात्रा मनोरंजक रहेगी। कारोबार से लाभ होगा। उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे। घर के सभी सदस्य प्रसन्न व संतुष्ट रहेंगे।

कुंभ व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। रुका हुआ धन प्राप्त हो सकता है। कारोबार में वृद्धि के योग हैं। नौकरी में अमन-चैन रहेगा। अधिकारी प्रसन्न रहेंगे। शेयर-मार्केट व म्युचुअल फंड इत्यादि से मनोनुकूल लाभ होगा।

मीन फालतू खर्च होगा। लाभ के अवसर टलेंगे। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। चोट व रोग से बचें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। किसी व्यक्ति से व्यर्थ में विवाद हो सकता है।

कुंडली में शनि के स्थान का प्रभाव

प्रियंका जैन
9769994439

कुंडली में शनि सातवें घर में होने से देता है वैराग्य। अगर शनि की राशि मकर और कुंभ भी हो तो ऐसा जातक गृहस्थ जीवन होकर भी एक साधु वाला जीवन जीना पसंद करता है।

एक वैराग्य का भाव जातक के अंदर आना शुरू हो जाता है।

आपके पास बहुत पैसा है और अच्छा व्यापार है, बहुत मान सम्मान है अच्छी जिंदगी है, लेकिन पति-पत्नी के बीच में हरदम क्लेश हो, तो पूरा जीवन बर्बाद हो जाता है। आज हम बात करते हैं, कुंडली के सप्तम भाव की जो कि हर जातक के लिए बहुत महत्वपूर्ण होता है। स्त्री हो या पुरुष, सप्तम भाव हमारे जीवन में पति-पत्नी का घर होता है। अगर सातवां घर शुभ है या शुभ ग्रह बैठा है तो जीवन बहुत सुख से बीतता है। सप्तम भाव लग्न कुडंली में सबसे महत्वपूर्ण माना जाता है, लग्न से सातवां भाव ही दाम्पत्य व विवाह के लिए कारक माना है। इस भाव एवं इस भाव के स्वामी के साथ ग्रहों की स्थिति व दृष्टि संबंध के अनुसार उस जातक पर शुभ-अशुभ प्रभाव पड़ता है।

सप्तम भाव विवाह एवं जीवनसाथी का घर माना जाता है। इस भाव में शनि का होना विवाह और वैवाहिक जीवन के लिए शुभ संकेत नहीं माना जाता है।

इस भाव में शनि की स्थिति होने पर व्यक्ति की शादी सामान्य आयु से देरी से होती है। सप्तम भाव में शनि अगर नीच राशि में हो तो तब यह संभावना रहती है कि व्यक्ति काम पीड़ित होकर किसी ऐसे व्यक्ति से विवाह करता है जो उम्र में उससे अधिक बड़ा हो।

शनि सप्तम भाव में हो तो विवाह देर से होता है अगर जल्दी से हो गया तो कलह से घर अशांत रहता है। चन्द्रमा के साथ शनि की युति होने पर व्यक्ति अपने जीवनसाथी के प्रति प्रेम नहीं रखता एवं किसी अन्य के प्रेम में गृह कलह को जन्म देता है।

सप्तम शनि एवं उससे युति बनाने वाले ग्रह विवाह एवं गृहस्थी के लिए सुखकारक नहीं होते हैं।

नवमांश कुडंली या जन्म कुडंली में जब शनि हो तो शादी 30 वर्ष की आयु के बाद ही करनी चाहिए क्योंकि इससे पहले शादी की संभावना नहीं बनती है। जिनकी कुडंली शनि लग्न में उनके साथ भी यही स्थिति होती है एवं इनकी शादी असफल होने की भी संभावना प्रबल रहती है।

कुडंली में लग्न स्थान से शनि द्वादश होता है और सूर्य द्वितीयेश होता है एवं लग्न कमजोर हो तो उनकी शादी बहुत विलंब से होती है अथवा ऐसी स्थिति बनती है कि ऐसे व्यक्ति शादी नहीं करते।

शनि जिस वधु की कुडंली में सूर्य या चन्द्रमा से युत या दृष्ठ होकर लग्न या सप्तम में होते हैं उनकी शादी में भी बाधा रहती है।

जिन जातकों की लग्न कुंडली में शनि सातवें घर में हो या नवमांश कुंडली में भी सातवें भाव में हो तो ऐसे जातक को शनि के उपाय जरूर करें

सातवें घर का शनी जातक को वैराग्य दे देता है गृहस्थी जीवन से मन उठने लग जाता है ।

शादी तो हो जाती है लेकिन पति पत्नी के रिश्ते से मन दूर होने लगता है।

अगर किसी भी स्त्री पुरुष को इस तरह की बाधाये जीवन में आ रही हैं तो आप शनि के उपचार करें और एक अच्छा जीवन आप शुरू कर सकते हैं।

खबर संक्षेप

लखनऊ एसजीपीजीआई की डॉक्टर से करोड़ों की ठगी मामले में पांच अभियुक्त गिरफ्तार

लखनऊ। एसजीपीजीआई के एसोसिएट प्रोफेसर डॉक्टर रूचिका टंडन को डिजिटल अरेस्ट करके लगभग दो करोड़ रुपये की ठगी के मामले में एसटीएफ ने गैंग के पांच सदस्यों को गिरफ्तार किया है। एसटीएफ के पुलिस उपाधीक्षक दीपक कुमार सिंह ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों में बिहार राज्य का रहने वाला ऋषिकेश कुमार उर्फ मयंक, गोपाल कुमार उर्फ रोशन उर्फ राहुल, गणेश कुमार के अलावा वाराणसी निवासी राजेश गुप्ता और चंदौली जिले का रहने वाला मणिकांत पाण्डेय उर्फ मिश्रा जी भी इस वारदात में शामिल थे। इन लोगों के पास से दो लाख 42 हजार रुपये समेत अन्य चीजें बरामद हुई है। पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि हम लोग एक साथ मिलकर साइबर फ्रॉड का काम करते हैं। हम लोगों ने मिलकर पीजीआई की डॉक्टर रूचिका टंडन को डिजिटल अरेस्ट करके फ्रॉड किया था। उनसे मिले रुपयों को हम लोगों ने अलग-अलग खातों में ट्रांसफर करवा लिये थे। पुलिस उपाधीक्षक ने बताया कि इन लोगों के काम भी बटे हुए थे। फ्रॉड करते समय अभियुक्त ऋषिकेश, गोपाल और गणेश अलग-अलग व्यक्तियों से बात करने का काम करते थे। मणिकांत और राजेश अलग-अलग लोगों से करेंट व कारपोरेट एकाउंट की चेक बुक इंटरनेट बैंकिंग की आईडी पासवर्ड बैंक खाते पर रजिस्टर्ड सिम की व्यवस्था करते हैं।

कौशांबी में छात्राओं से छेड़खानी, दो आरोपी गिरफ्तार

कौशांबी। उत्तर प्रदेश के कौशांबी जिले के पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के एक इंटर कॉलेज में पढ़ने वाली दो छात्राओं के साथ रास्ते में तीन युवकों के छेड़खानी करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने शनिवार को बताया कि छेड़खानी करने वाले दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया गया है। कौशांबी के पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) अभिषेक सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र के एक इंटरमीडिएट कॉलेज की दसवीं कक्षा की दो छात्राओं ने थाने में शिकायत देकर आरोप लगाया कि कॉलेज से घर वापस जाते समय तीन युवकों ने रास्ते में उनके साथ छेड़खानी की। इस संबंध में थाना पश्चिम शरीरा में आरोपी संदीप दुबे, अमोल मिश्र और अरुण तिवारी के खिलाफ शनिवार को भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धारा 64/74/115(2) 352 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गयी।सीओ ने बताया कि इस मामले में दो आरोपियों संदीप दुबे व अमोल मिश्र को गिरफ्तार कर उन्हें न्यायालय भेजा गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।उन्होंने कहा कि तीसरा आरोपी अरुण तिवारी अभी फरार है और शीघ्र ही उसकी भी गिरफ्तारी की जाएगी। मामले में आवश्यक कानूनी कार्यवाही की जा रही है।

मुरादाबाद में धर्मांतरण के लिए दबाव बनाने के आरोप में दंपति गिरफ्तार

एजेंसी । मुरादाबाद

उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद जिले के मूंढापांडे थाना इलाके में अवैध तरीके से धर्मांतरण के लिए दबाव बनाने के आरोप में एक मुस्लिम दंपति को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। मूंढापांडे थाने के प्रभारी राम प्रसाद शर्मा ने शनिवार को बताया कि पुलिस ने पीड़ित किशोरी के पिता की तहरीर के आधार पर आरोपी हिना और उसके पति मुस्तफा के खिलाफ उप्र विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम और भारतीय दंड संहिता की धारा 342 (गलत तरीके से बंधक बनाना), 354 (महिला की लज्जा भंग करने के इरादे से बल प्रयोग) और पॉक्सो अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार थाना मूंढापांडे क्षेत्र स्थित सिलाई प्रशिक्षण केन्द्र में एक किशोरी पर धर्म परिवर्तन का दबाव बना रहे पति-पत्नी को पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर अदालत में पेश करने के बाद जेल भेज दिया। मूंढापांडे थाना क्षेत्र के एक गांव की निवासी किशोरी के पिता ने थाने में दर्ज कराई प्राथमिकी में आरोप लगाया कि रौंडा निवासी हिना अपने मकान में सिलाई-कढ़ाई का प्रशिक्षण केन्द्र चलाती है। उसकी बेटी और उसकी दो सहेलियां हिना के प्रशिक्षण केन्द्र पर सिलाई सीखने जाती थीं। तहरीर के हवाले से पुलिस ने बताया कि इस साल 14 जून की सुबह करीब 10 बजे हिना ने किशोरी को केन्द्र में बंद कर दिया और बाहर चली गई। इस दौरान हिना के पति मुस्तफा ने उनके साथ छेड़छाड़ की और वीडियो बना लिया। इसके बाद 16 जून की दोपहर करीब 12 बजे हिना ने पीड़िता पर पकौड़े खाने का जबरन दबाव बनाया। मना करने पर उसने वीडियो वायरल करने की धमकी दी। इस दौरान किशोरी पर धर्म परिवर्तन करने का दबाव भी बनाया गया। पुलिस ने पीड़ित परिवार की शिकायत पर मामला दर्ज कर आरोपी दंपति हिना और मुस्तफा को गिरफ्तार कर विधिक प्रक्रिया पूरी करने के बाद जेल भेज दिया।

विश्व के वैज्ञानिकों की सूची में वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के कुलपति को मिली जगह

एजेंसी । जौनपुर

वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. वंदना सिंह को इस बार पुनः विश्व के वैज्ञानिकों की सूची में जगह मिली है। स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय ने जारी की विश्व के शीर्ष 2 प्रतिशत प्रभावशाली वैज्ञानिकों की सूची 2024 में कुलपति का नाम शामिल किया है। कुलपति प्रो. वंदना सिंह के साथ ही रज्जू भैय्या संस्थान के रसायन विज्ञान विभाग के सहायक आचार्य डॉ. मिथिलेश यादव और पर्यावरण विज्ञान विभाग के डॉ. सुधीर उपाध्याय भी इस सूची में शामिल हुए हैं। प्रोफेसर वंदना सिंह ने पॉलीमर एवं बायोपॉलीमर नैनोटेक्नोलॉजी के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। विशेष रूप से पॉलिसैकेराइड आधारित नैनो पदार्थ पर संश्लेषण,वर्णन और अनुप्रयोगों में सराहनीय शोध कार्य रहा है। प्रो. सिंह को कई प्रतिष्ठित पुरस्कार और फैलोशिप प्राप्त हुई है। एडवांस्ड मटेरियल लेटेस्ट पत्रिका द्वारा सर्वश्रेष्ठ सर्वोच्च वैज्ञानिक पुरस्कार एएमएल मेडल भी मिल चुका है। प्रो. वंदना सिंह को विभिन्न संस्थाओं से कई अनुसंधान परियोजनाएं भी मिली हैं। अभी तक 29 विद्यार्थियों का पीएचडी में मार्गदर्शन किया है। वर्तमान में तीन छात्रों का शोध निर्देशन कर रही हैं। पूर्वांचल विश्वविद्यालय में कुलपति पद के पहले वह इलाहाबाद विश्वविद्यालय में रसायन विज्ञान विभाग की अध्यक्ष पद पर कार्यरत रहीं।

मेरठ में धर्म स्थल पर विवाद होने के बाद जांच के आदेश

एजेंसी । मेरठ

उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले के कंकरखेड़ा थाना क्षेत्र में रोहटा रोड पर आदर्श कॉलोनी के बाहर स्थित कथित मजार पर हनुमान मंदिर की स्थापना को लेकर शुरू हुए विवाद के बाद जिलाधिकारी दीपक मीणा ने मामले की जांच के आदेश दिये हैं। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। मौजूदा स्थिति के मद्देनजर घटनास्थल पर पुलिस बल तैनात किया गया है। मेरठ के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) डॉ विपिन टांडा ने से बातचीत में इस बात से इंकार किया कि जिस सार्वजनिक जगह पर हनुमान जी की मूर्ति स्थापित की गई है, वहां कोई मजार है। उन्होंने बताया कि वहां मजार नहीं, बल्कि खाली कमरा था। उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी मेरठ द्वारा पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) और उपजिलाधिकारी (एसडीएम) को इस मामले की जांच सौंपी गई है कि वहां पर क्या था। जांच कमेटी से सात दिन में रिपोर्ट मांगी गई है। एसएसपी ने कहा कि जांच रिपोर्ट मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल वहां एहतियात के तौर पर पुलिस बल तैनात कर यथास्थिति बरकरार कर दी गई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार शहर के कंकरखेड़ा में रोहटा रोड पर आदर्श कॉलोनी के बाहर एक छोटा कमरा है, जिसको कुछ लोग मजार होने का दावा कर रहे हैं। उन लोगों ने आरोप लगाया है कि इस मजार पर कुछ लोगों ने भगवान हनुमान की मूर्ति रख दी। इसके बाद विधिवत पूजा-पाठ किया गया और हनुमान जी की मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा शुरू की गई। शुक्रवार को जब इस घटना से जुड़े वीडियो और फोटो सोशल मीडिया पर सार्वजनिक हुईं तो पुलिस और प्रशासन में हड़कंप मच गया। सीओ दौराला सुचिता सिंह भी मौके पर पहुंची और लोगों से इस संबंध में पूछताछ की। पुलिस ने आस-पास के तमाम सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली है।

बलिया में गंगा व सरयू नदियों ने मचायी तबाही, बुलाई गई एनडीआरएफ

एजेंसी । बलिया

जिले में गंगा व सरयू नदियों ने तबाही मचानी शुरू कर दी है। दोनों नदियों में आए जबरदस्त उफान से बाढ़ के कारण जिले में 27 गांवों की लगभग 31 हजार से अधिक आबादी प्रभावित हुई है। बैरिया तहसील के जयप्रकाश नगर के पास एक पुल का एप्रोच गंगा के पानी में बह गया। कई गांवों में सरकारी प्राइमरी स्कूल बाढ़ से घिर गए हैं। बाढ़ के विकराल रूप को देखते हुए एनडीआरएफ भी बुला ली गई है। जिले में बाढ़ से हालात लगातार खराब हो रहे हैं। बैरिया थाना क्षेत्र के कोडरहा नौबरार जयप्रकाश नगर पंचायत का टीपुरी गांव में जाने वाले पुल के दोनों साइड का एप्रोच गंगा नदी के बाढ़ में विलीन हो गया। जिससे गांव में आने-जाने का संपर्क टूट गया है। ऐसे में ग्रामीणों में दहशत का माहौल हो गया है। जिले के दो छोर पर बहने वाली बड़ी नदी गंगा व सरयू के जलस्तर में लगातार वृद्धि हो रही है। दोनों नदियों का जलस्तर खतरा बिंदु पार कर गया है। गंगा व घाघरा के अलावा छोटी नदियों के भी जलस्तर बढ़ने लगे हैं। इससे तटवर्ती इलाकों के गांवों में पानी घुस गया है। लोग सुरक्षित स्थानों की ओर जा रहे हैं। बाढ़ से जिले के 27 गांवों की 31 हजार आबादी प्रभावित होने के अलावा 97.7 हेक्टेयर आबादी व लगभग 197.7 हेक्टेयर कृषि योग्य भूमि प्रभावित हुई है। गंगा नदी बलिया सदर व बैरिया तहसील के उजियार से लेकर मांझीघाट तक गांवों को प्रभावित कर रही है। सरयू बेल्थरारोड, सिकंदरपुर, बांसडीह व बैरिया तहसील के गांवों में तबाही मचा रही है। टोंस नदी रसड़ा व चितबड़ागांव क्षेत्र और मगई सदर तहसील क्षेत्र के कुछ गांवों में अपना रौद्र रूप दिखा रही है। गंगा की बाढ़ और पानी में घिरे कई गांवों में अभी तक प्रशासन की ओर से नावों की व्यवस्था नहीं हो पाई है। गंगा का पानी बंधे के दक्षिण दिशा में बसे गांव सदर तहसील के बादिलपुर, भरखोखा, जगछपरा, शुक्ल छपरा, धरमपुर, मझौवा, पोखरा, बघऊंच, मुडाडीह, बैरिया तहसील के चांद दियर, गोपाल नगर, इब्राहिमाबाद नौबरार, सुघर छपरा, दुबेछपरा, गोपालपुर, उदई छपरा, प्रसाद छपरा, आलम राय के टोला, पांडेपुर, वंश गोपाल छपरा आदि गांवों के लोग घरों में दुबकने को विवश हो गए हैं। इन गांवों के लोग अपने बच्चों, माल व मवेशियों को लेकर भी गांव में फंसे हुए हैं। उधर, जिला प्रशासन का दावा है कि बाढ़ प्रभावितों के आवागमन के लिए 76 नावें लगायी गयी हैं। एडीएम ने बताया कि एनडीआरएफ की एक टीम राहत एवं बचाव कार्य के लिये तैनात की गयी है। जनपद की सभी 61 बाढ़ चौकियां व 72 राहत शिविर क्रियाशील कर दिये गये हैं। वर्तमान में बासंडीह तहसील में सुल्तानपुर में स्थापित किये गये बाढ़ राहत शिविर में 70 लोग रह रहे हैं। जबकि बैरिया तहसील में लार्ड कृष्णा एकेडमी को बाढ़ राहत शिविर के लिए अधिग्रहीत किया गया है। बाढ़ प्रभावित लोगों के लिए ताजा भोजन, पानी, बिस्तर व लाईट आदि की व्यवस्था की गयी है। बाढ़ से प्रभावित व्यक्तियों में अब तक 44 सौ राहत सामग्री की किट वितरित की गयी है। जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार खुद बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रो में की जा रही व्यवस्था पर नजर रख रहे हैं।

बरेली में युवक की हत्या के दोषी को आजीवन कारावास

एजेंसी । बरेली

उत्तर प्रदेश में बरेली की एक अदालत ने उत्सव के दौरान गोलियां चलाने का विरोध करने पर एक युवक की हत्या करने के आरोपी को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। यह मामला करीब पांच वर्ष पुराना है। अदालत ने दोषी पर 11 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। अपर जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) हेमेंद्र गंगवार ने शनिवार को बताया कि अपर जिला न्यायाधीश अफशां ने बरेली जिले के थाना क्योलड़िया के परशुरामपुर गांव के निवासी रेहान (22) को हत्या करने के आरोप में दोषी करार देते हुए शुक्रवार को आजीवन कारावास की सजा सुनाई और उस पर 11 हजार रुपए अर्थदंड लगाया। नवंबर 2019 में उत्सव के दौरान गोलियां चलाने से मना करने पर रेहान ने उसी गांव के सलीम (18) की हत्या कर दी थी। गंगवार ने बताया कि क्योलड़िया थाना क्षेत्र के परशुरामपुर गांव निवासी मोहम्मद शफी ने गांव के ही रेहान के खिलाफ दो नवंबर 2019 को प्राथमिकी दर्ज कराई, जिसमें आरोप लगाया कि उसका बेटा सलीम गांव के भूरा की बेटी की गोद भराई रस्म में शामिल होने गया था।

भूकम्प जैसी परिस्थितियों के लिए होना पड़ेगा तैयार : राजेंद्र सिंह

एजेंसी । मेरठ

राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सदस्य एवं विभाग प्रमुख राजेंद्र सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश के 35 जनपद भूकम्प आपदा के प्रति संवेदनशील है। भूकम्प एक ऐसी आपदा है जिसकी कोई प्रारंभिक चेतावनी नहीं है, परंतु हमें ऐसी परिस्थितियों के लिए अभी से तैयार रहना होगा। इस आपदा के कारण विभिन्न दुर्घटनाएं जैसे-अग्नि दुर्घटना, कारखानों में केमिकल की घटना इत्यादि का प्रभाव भी हम सब पर पड़ता है। उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण और भारतीय सेना के मुख्यालय मध्य कमान द्वारा बुधवार को पश्चिम उत्तर प्रदेश सब एरिया मेरठ कैंट प्रदेश के 35 भूकम्प आपदा के प्रति संवेदनशील जिलों के साथ भूकम्प एवं अग्नि सुरक्षा पर एक्सरसाइज़ "समन्वय" हेतु राज्य स्तरीय सिम्पोजियम कम टेबल टॉप एक्सरसाइज का आयोजन किया गया।

व्यापार जगत

भारत दुनिया में सबसे अलग, आगे भी तेजी से बढ़ता रहेगा: सीतारमण

एजेंसी । नई दिल्ली

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को कहा कि भारत आर्थिक वृद्धि के संदर्भ में बाकी दुनिया से अलग खड़ा है और अगले कुछ वर्षों में भी यह सिलसिला कायम रहेगा। इसके साथ ही सीतारमण ने कहा कि सरकारी कर्मचारियों के लिए अनुमोदित एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) भारी पेंशन बिलों के साथ भावी पीढ़ियों पर बोझ न डालकर सरकारी कर्मचारियों के साथ करदाताओं के हितों को भी साधती है। उन्होंने कहा,'हम कई अन्य देशों की तुलना में बहुत बेहतर स्थिति में हैं। भले ही वे उन्नत देश हों लेकिन आज वे वृद्धि के लिए संघर्ष कर रहे हैं। हम एक ऐसी अर्थव्यवस्था के रूप में सामने आ रहे हैं जो पिछले कुछ वर्षों में सबसे तेजी से बढ़ रही है। इस साल और अगले कुछ वर्षों के लिए भी हम ऐसी भविष्यवाणी कर सकते हैं।'भारतीय अर्थव्यवस्था वित्त वर्ष 2023-24 में 8.2 प्रतिशत की दर से बढ़ी। चालू वित्त वर्ष में वृद्धि दर 6.5-7 प्रतिशत रहने का अनुमान आर्थिक समीक्षा में जताया गया है। सीतारमण ने एनपीएस वात्सल्य योजना की शुरुआत के मौके पर कहा कि एनपीएस ने अपनी शुरुआत से ही प्रतिस्पर्धी रिटर्न दिया है। सरकारी क्षेत्र के लिए एनपीएस ने औसतन 9.5 प्रतिशत का सालाना रिटर्न दिया है। सीतारमण ने केंद्रीय कर्मचारियों के लिए घोषित यूपीएस के संबंध में कहा कि इसमें पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) के साथ एनपीएस के भी बेहतरीन बिंदुओं को शामिल किया गया है और यह सेवानिवृत्ति के बाद एक सुनिश्चित पेंशन प्रदान करती है। यूपीएस के तहत सरकारी कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति से पहले अंतिम 12 महीनों में प्राप्त उनके औसत मूल वेतन के 50 प्रतिशत के बराबर गारंटीकृत पेंशन मिलेगी। उन्होंने कहा, 'यूपीएस भावी पीढ़ियों पर भारी पेंशन बिलों का बोझ न डालकर सरकारी कर्मचारियों के साथ करदाताओं के हितों को भी संतुलित करती है।'

आईसीआईसीआई बैंक का बाजार पूंजीकरण नौ लाख करोड़ रुपए के पार

एजेंसी । नई दिल्ली

आईसीआईसीआई बैंक के शेयर के बुधवार को रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचने के साथ बैंक का बाजार मूल्यांकन नौ लाख करोड़ रुपए से अधिक हो गया। बीएसई पर निजी क्षेत्र के बैंक का शेयर 1.55 प्रतिशत चढ़कर 1,288.05 रुपए पर पहुंच गया। कारोबार के दौरान एक समय यह दो प्रतिशत तक चढ़कर 1,295 रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया था। वहीं एनएसई में कंपनी का शेयर 1.38 प्रतिशत बढ़कर 1,285.60 रुपए पर पहुंच गए। कारोबार के दौरान एक समय बैंक का शेयर 2.14 प्रतिशत चढ़कर 1,295.35 रुपए के अपने सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। इस तेजी के बीच, आईसीआईसीआई बैंक का बाजार मूल्यांकन 14,921.32 करोड़ रुपए बढ़कर 9,07,391.45 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। इसके साथ ही कंपनी बाजार पूंजीकरण के लिहाज से पांचवीं सबसे मूल्यवान कंपनी बन गई। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड 19,79,846.83 करोड़ रुपए के मूल्यांकन के साथ सबसे मूल्यवान घरेलू कंपनी है।

भारतीय डाक को लॉजिस्टिक कंपनी में बदलने की योजना, राजस्व बढ़ाने पर जोर: सिंधिया

एजेंसी । नई दिल्ली

सरकार भारतीय डाक को एक लॉजिस्टिक कंपनी में बदलने और अगले तीन-चार साल में विभाग के राजस्व में 50-60 प्रतिशत बढ़ोतरी करने की योजना बना रही है। दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बुधवार को यहां 'पब्लिक अफेयर्स फोरम ऑफ इंडिया' (पीएएफआई) के एक कार्यक्रम में कहा कि देश के लगभग 25,000 ऐसे गांवों को अगले साल तक मोबाइल नेटवर्क से जोड़ दिया जाएगा जहां अभी मोबाइल नेटवर्क नहीं है। सिंधिया ने कहा, 'डाक विभाग तेजी से आगे बढ़ रहा है। आज हमारा कारोबार करीब 12,000 करोड़ रुपए प्रति वर्ष है। मैं अगले तीन-चार वर्षों में इसे 50-60 प्रतिशत तक बढ़ाने की कोशिश कर रहा हूं।' उन्होंने कहा कि डाक विभाग में ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में लोगों के दरवाजे तक सेवाएं पहुंचाने की क्षमता है। ऐसे में भारतीय डाक के राजस्व को बढ़ाने के लिए सभी संभावित सेवाओं पर विचार किया जाएगा। सिंधिया ने कहा, 'हमें खुद को 'सिर्फ मेल और पत्र' कारोबार से अलग करना होगा। हमें खुद को एक लॉजिस्टिक कंपनी में बदलना होगा। हमें मार्ग के अधिकतम उपयोग, अपनी सेवाओं को पहुंचाने के लिए कई स्रोतों पर ध्यान देना होगा।' पूर्वोत्तर में विकास के बारे में दूरसंचार मंत्री ने कहा कि सरकार इस क्षेत्र में बड़े पैमाने पर बुनियादी ढांचे के निर्माण पर बड़ी राशि खर्च कर रही है। इसमें सड़क नेटवर्क पर 48,000 करोड़ रुपए का निवेश भी शामिल है। उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर के 6,000 गांवों और देश भर के 25,000 गांवों में अभी भी मोबाइल टावर नहीं हैं। सिंधिया ने कहा, 'यूएसओ कोष के माध्यम से हम अगले वर्ष के मध्य तक सभी 25,000 गांवों में मोबाइल नेटवर्क स्थापित करने का प्रयास कर रहे हैं उसके बाद देश में एक भी गांव ऐसा नहीं बचेगा जहां मोबाइल कनेक्टिविटी न हो।'

पावर फाइनेंस ने सरकार को 462 करोड़ रुपए का लाभांश दिया

एजेंसी । नई दिल्ली

सार्वजनिक क्षेत्र की पावर फाइनेंस कॉरपोरेशन (पीएफसी) ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए भारत सरकार को 462 करोड़ रुपए का अंतिम लाभांश दिया है। बुधवार को एक बयान में यह जानकारी दी गई। कंपनी ने कहा कि पीएफसी ने सरकार को 462 करोड़ रुपए और अन्य शेयरधारकों को 363 करोड़ रुपए का भुगतान किया, जो 2023-24 के लिए अंतिम लाभांश के रूप में कुल 825 करोड़ रुपए है। पीएफसी ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए कुल 4,455 करोड़ रुपए का लाभांश दिया, जिसमें से अंतिम लाभांश सहित 2,495 करोड़ रुपए सरकार को 55.99 प्रतिशत हिस्सेदारी के बदले दिए गए। यह किसी भी वित्त वर्ष में पीएफसी द्वारा दिया गया अब तक का सबसे अधिक लाभांश है। पीएफसी ने वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान अब तक का सबसे अधिक 14,367 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ कमाया।

XIM भुवनेश्वर ने बिजनेस एक्सीलेंस समिट BES, 2024 का आयोजन किया

एजेंसी । भुवनेश्वर

37 वर्षों की समृद्ध विरासत का जश्न मनाते हुए, जेवियर इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, भुवनेश्वर ने 14 सितंबर से 15 सितंबर 2024 तक वार्षिक बिजनेस एक्सीलेंस समिट के 6वें संस्करण का आयोजन किया। इस वर्ष के शिखर सम्मेलन का विषय संभावनाओं को फिर से परिभाषित करना था।

सोना 50 रुपए टूटा, चांदी में 800 रुपए की गिरावट

एजेंसी । नई दिल्ली

अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दर पर निर्णय से पहले अंतरराष्ट्रीय बाजारों में तेजी के रुख के बीच बुधवार को एमसीएक्स पर सोने की कीमतों में तेजी जारी रही और यह 170 रुपए उछलकर 73,264 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) के वायदा कारोबार में अक्टूबर डिलिवरी वाले सोने के अनुबंध की कीमत 170 रुपए या 0.23 प्रतिशत की तेजी के साथ 73,264 रुपए प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रही थी। मंगलवार को पिछले कारोबारी सत्र में यह एक्सचेंज पर 73,094 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। हालांकि, दिसंबर डिलिवरी वाले चांदी अनुबंध की कीमत बुधवार को 116 रुपए या 0.13 प्रतिशत की गिरावट के साथ 89,024 रुपए प्रति किलोग्राम रह गई। पिछले सत्र में मंगलवार को चांदी 89,140 रुपए प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के अनुसार, दिल्ली के बाजारों में हाजिर सोने (24 कैरेट) की कीमतें पिछले दिन से 50 रुपये घटकर 74,850 रुपए प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रही हैं। इस बीच, चांदी की कीमतें 800 रुपए गिरकर 91,300 रुपए प्रति किलोग्राम रह गईं, जबकि पिछले दिन चांदी की कीमतें 92,100 रुपए प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थीं। वैश्विक स्तर पर कॉमेक्स सोना 0.42 प्रतिशत बढ़कर 2,603.20 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा है। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के जिंस प्रमुख हरीश वी ने कहा, 'भू-राजनीतिक तनाव बढ़ने, कमजोर वैश्विक विकास परिदृश्य और अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदों के बीच मांग में आशावाद के कारण अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने की कीमतें अपने सर्वकालिक उच्चस्तर के करीब पहुंच रही हैं।' अंतरराष्ट्रीय बाजारों में चांदी की कीमतें मामूली गिरावट के साथ 30.97 डॉलर प्रति औंस पर बोली गईं।

भारतीय हॉकी टीम ने दिखाया

गोल करने का एकमात्र तरीका पेनल्टी कॉर्नर को भुनाना नहीं

एजेंसी । नई दिल्ली

ओलंपिक खेलों में भारतीय टीम के दूसरे कांस्य पदक जीतने के बाद कई मौजूदा और पूर्व खिलाड़ियों ने कहा था कि अगर देश को अंतरराष्ट्रीय हॉकी में लगातार जीत हासिल करनी है तो खिलाड़ियों को मैदानी गोल की संख्या में इजाफा करना होगा।

भारतीय टीम ने चीन के हुलुनबुइर में एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में रिकॉर्ड पांचवीं बार खिताब जीतकर जवाब दिया कि अब ऐसा नहीं है क्योंकि टीम ने पूरे टूर्नामेंट के दौरान एक भी मैच नहीं गंवाया।

हरमनप्रीत सिंह और उनके साथी खिलाड़ियों ने इस शानदार अभियान के दौरान टूर्नामेंट में कुल 26 में से 18 मैदानी गोल दागे। इस मामले में यह पेरिस ओलंपिक अभियान से काफी सुधरा प्रदर्शन था क्योंकि

उसमें भारत ने कुल 15 गोल दागे थे जबकि सिर्फ तीन मैदानी गोल हुए थे। पेरिस ओलंपिक के बाद संन्यास लेने वाले करिश्माई गोलकीपर पीआर श्रीजेश ने ज्यादा मैदानी गोल की जरूरत पर जोर दिया था। भारत के मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के लिए अपेक्षाकृत युवा टीम उतारी थी जबकि मंदीप सिंह, गुरजंत सिंह और ललित कुमार उपाध्याय जैसे अनुभवी फॉरवर्ड को आराम दिया।

नये खिलाड़ियों ने भी निराश नहीं किया

पेरिस ओलंपिक टीम में शामिल केवल दो स्ट्राइकर अभिषेक और सुखजीत सिंह को ही टीम में बरकरार रख गया था। फुल्टन ने पूर्व जूनियर टीम के कप्तान उत्तम सिंह, अराईजीत सिंह हुंडाल और गुरजोत सिंह जैसे युवा खिलाड़ियों को टीम में शामिल किया। और इन नये खिलाड़ियों ने भी निराश नहीं किया। बल्कि युवा अग्रिम पंक्ति ने 11 मैदानी गोल किए। उत्तम ने टूर्नामेंट में तीन मैदानी और एक पेनल्टी कॉर्नर से कुल चार गोल दागे। हुंडाल (तीन), सुखजीत (तीन) और अभिषेक (दो) ने भी योगदान दिया। इतना ही काफी नहीं था क्योंकि सबसे शानदार प्रदर्शन कप्तान और ड्रैग-फ्लिकर हरमनप्रीत (दो) और डिफेंडर जुगराज सिंह (एक) का रहा। हरमनप्रीत टूर्नामेंट में चीन के जिहुन यांग (नौ) के बाद दूसरे सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी रहे। उन्होंने सात गोल किए जिनमें से पांच पेनल्टी कॉर्नर से आए। जुगराज ने भी दो गोल किए जिसमें एक पेनल्टी कॉर्नर से और दूसरे मैदानी गोल से भारत मंगलवार को मेजबान चीन पर 1-0 से जीत दर्ज कर खिताब जीतने में सफल रहा। भारतीय कोचिंग स्टाफ के लिए खुशी की बात यह रही कि युवा मिडफील्डर राज कुमार पाल ने टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया और तीन मैदानी गोल किए जबकि डिफेंडर जरमनप्रीत सिंह ने भी एक गोल किया।

पंजाब किंग्स के मुख्य कोच बने रिकी पोंटिंग

चार साल का अनुबंध किया

एजेंसी । नई दिल्ली

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व महान बल्लेबाज और कप्तान रिकी पोंटिंग को पंजाब किंग्स का मुख्य कोच नियुक्त किया गया है। वह इस आईपीएल टीम में अपने हमवतन ट्रेवर बेलिस की जगह लेंगे। पोंटिंग सात साल तक दिल्ली कैपिटल्स का हिस्सा रहने के बाद पंजाब किंग्स से जुड़े हैं। आईपीएल के एक सूत्र ने बताया, 'पोंटिंग ने कल अनुबंध पर हस्ताक्षर किए और यह चार साल का है। उसे टीम तैयार करने के लिए इतने समय की जरूरत पड़ेगी। बाकी के सहयोगी स्टाफ को लेकर फैसला पोंटिंग करेंगे।' पोंटिंग के मार्गदर्शन में दिल्ली कैपिटल्स ने प्रभावी प्रदर्शन किया था लेकिन आईपीएल खिताब नहीं जीत पाई। टीम इस दौरान 2020 में फाइनल में भी पहुंची। वह इससे पहले मुंबई इंडियन्स के भी कोच रह चुके हैं। पंजाब की टीम भी 2008 में लीग की शुरुआत से आईपीएल खिताब नहीं जीत पाई है और टीम के चार सह मालिकों को उम्मीद होगी कि पोंटिंग इस कमी को पूरा करेंगे। पंजाब की टीम 2014 में फाइनल में पहुंची थी और उसे टीम में लगातार बदलाव करने के लिए आलोचनाओं का सामना करना पड़ता रहा है।

टीम पिछले सात सत्र में शीर्ष पांच में भी जगह बनाने में नाकाम रही है और इस साल हुए पिछले सत्र में 10 टीमों के बीच नौवें स्थान पर रही। बेलिस पिछले दो सत्र में टीम के कोच रहे जबकि अब संन्यास ले चुके शिखर धवन ने कप्तान की भूमिका निभाई। संजय बांगड़ टीम के क्रिकेट विकास प्रमुख थे जबकि तेज गेंदबाजी और स्पिन कोच की भूमिका क्रमशः चार्ल्स लेंगवेल्ट और सुनील जोशी निभा रहे थे।

परिणाम के बारे में नहीं सोच रहा हूं, केवल प्रक्रिया का अनुसरण करना चाहता हूं: शंटो

एजेंसी । चेन्नई

बांग्लादेश के कप्तान नजमुल हसन शंटो नहीं चाहते हैं कि उनकी टीम पाकिस्तान के खिलाफ श्रृंखला में जीत के खुमार में डूबी रहे। वह चाहते हैं कि इसके बजाय टीम गुरुवार से यहां शुरू होने वाली दो टेस्ट मैच की श्रृंखला में भारत की मजबूत टीम का सामना करने पर ध्यान दे। बांग्लादेश की टीम पाकिस्तान के खिलाफ उसकी धरती पर दो टेस्ट मैच की श्रृंखला में 2-0 से जीत दर्ज करके यहां पहुंची है। शंटो ने बुधवार को यहां मैच की पूर्व संध्या पर पर पत्रकारों से कहा,'मेरा मानना है कि हमने पाकिस्तान में बहुत अच्छी क्रिकेट खेली जिससे हमारा काफी मनोबल बढ़ा है लेकिन अब वह अतीत की बात है।'

उन्होंने कहा,'हम यहां नई श्रृंखला खेलने के लिए आए हैं और हमारे खिलाड़ियों को विश्वास है कि हम अच्छी क्रिकेट खेल सकते हैं। हम परिणाम के बारे में नहीं सोच रहे हैं और केवल प्रक्रिया का अनुसरण करने की कोशिश कर रहे हैं।' पाकिस्तान के खिलाफ शानदार प्रदर्शन के बावजूद बांग्लादेश के लिए भारत में खेलना आसान नहीं होगा लेकिन शंटो का मानना है की परिस्थितियों से खास अंतर पैदा नहीं होगा। उन्होंने कहा,'भारत की टीम बहुत मजबूत है। हम जानते हैं कि वह तीनों विभाग बल्लेबाजी, गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण में मजबूत है लेकिन हम परिस्थितियों के बारे में नहीं सोच रहे हैं। हम केवल अपनी टीम के बारे में सोच रहे हैं।' बांग्लादेश के युवा तेज गेंदबाज नाहिद राणा पर सभी की निगाहें टिकी रहेगी जिन्होंने पाकिस्तान में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया था। लेकिन शंटो ने कहा कि उनका ध्यान केवल एक खिलाड़ी के प्रदर्शन पर नहीं लगा है। उन्होंने कहा,'उसका प्रदर्शन उत्साह जनक है तथा पाकिस्तान के खिलाफ उसने जिस तरह से गेंदबाजी की वह वास्तव में प्रभावशाली थी लेकिन मैं अपना पूरा ध्यान एक खिलाड़ी पर नहीं लगाऊंगा। मेरा मानना है कि पाकिस्तान में सभी तेज गेंदबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया। उम्मीद है कि वे यहां भी अच्छा प्रदर्शन करेंगे।'

पंत 632 दिन बाद टेस्ट क्रिकेट में वापसी के लिए तैयार

एजेंसी । चेन्नई

स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत दो साल में अपना पहला टेस्ट खेलने के लिए तैयार हैं और बुधवार को नेट अभ्यास के दौरान उन्होंने अपने पुराने खेल की झलक पेश की। भयावह कार दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल होने के बाद क्रिकेट के मैदान पर शीर्ष स्तर पर वापसी करना साधारण बात नहीं है। इस बात पर विश्वास करना मुश्किल है कि पंत को पिछला टेस्ट मैच खेले हुए 632 दिन बीत चुके हैं। संयोग ने उन्होंने अपना पिछला टेस्ट भी बांग्लादेश के खिलाफ ही 2022 में खेला था। पंत अब इसी टीम के खिलाफ बृहस्पतिवार को एमए चिदंबरम स्टेडियम में वापसी करने को तैयार हैं। इस बीच टीम के क्रिकेट परिदृश्य में तो अधिक बदलाव नहीं आाय लेकिन टीम में

जगह बनाने के कुछ मजबूत दावेदार सामने आए। इस साल की शुरुआत में इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला में ध्रुव जुरेल ने अपनी विकेटकीपिंग और बल्लेबाजी से प्रभावित किया। अगर टीम प्रबंधन इस मैच के लिए जुरेल को ही खिलाने का फैसला करता तो कोई भी टीम को दोष नहीं दे सकता था लेकिन मुख्य कोच गौतम गंभीर ने पंत की अहमियत के बारे में बताया। गंभीर ने मैच पूर्व प्रेस कांफ्रेंस में कहा, 'हम सभी जानते हैं कि वह (बल्लेबाज के तौर पर) कितना विध्वंसक हो सकता है और टेस्ट क्रिकेट में वह क्या कर सकता है। उसने दुनिया भर में हर जगह रन बनाए हैं।' उन्होंने कहा, 'हमेशा अच्छा होता है कि उसके जैसा कोई ऐसा खिलाड़ी हो जो हमारे लिए मैच में जीत की राह तैयार कर सके और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि वह बहुत प्रभाव भी डाल सके।' पंत ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी सफेद गेंद के प्रारूप के साथ की और वह टी20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम का भी हिस्सा थे लेकिन लंबे प्रारूप में कौशल और एकाग्रता को लेकर अलग तरह की चुनौती होती है। पंत ने हाल ही में बेंगलुरू में दलीप ट्रॉफी मैच में भारत बी के लिए खेलते हुए लाल गेंद के क्रिकेट के लिए तैयार होने की झलक पेश की।

एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी

कांस्य पदक जीतने पर पाकिस्तान के खिलाड़ियों को मिलेंगे 100 डॉलर

एजेंसी । लाहौर

एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में कांस्य पदक जीतने वाली पाकिस्तान हॉकी टीम के खिलाड़ियों और अधिकारियों को इनामी राशि के रूप में 100 अमेरिकी डॉलर (लगभग 28,000 पाकिस्तानी रुपये) मिलेंगे। पाकिस्तान हॉकी महासंघ (पीएचएफ) ने बुधवार को यह घोषणा की जिसमें पीएचएफ के अध्यक्ष मीर तारिक बुगती द्वारा स्वीकृत विशेष नकद पुरस्कार की पुष्टि की गई। मेजबान चीन से सेमीफाइनल में पेनल्टी शूटआउट में हारने के बाद पाकिस्तान ने कांस्य पदक मुकाबले में दक्षिण कोरिया को 5-2 से पराजित कर टूर्नामेंट में तीसरा स्थान हासिल किया। वहीं भारत ने चीन को हराकर रिकॉर्ड पांचवीं बार खिताब अपने नाम किया था। पीएचएफ ने अपनी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि नकद पुरस्कार का उद्देश्य टूर्नामेंट में टीम के प्रदर्शन को सराहना और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करना है। महासंघ ने यह भी ऐलान किया कि चोटिल हुये खिलाड़ी अबू बकर महमूद को पूर्ण सहायता और रिहैबिलिटेशन की सुविधाएं दी जायेंगी।

'द बकिंघम मर्डर्स' ने की अब तक 8.82 करोड़ की कमाई

करीना कपूर खान की फिल्म 'द बकिंघम मर्डर्स' ने दर्शकों के दिलों में जादू बिखेरते हुए 8.82 करोड़ की नेट बॉक्स ऑफिस कलेक्शन हासिल की है। इस रहस्य थ्रिलर जॉनर की फिल्म ने मजबूत बॉक्स ऑफिस होल्ड के साथ शानदार शुरुआत की है।

फिल्म की कहानी, जोशपूर्ण क्लाइमेक्स, और करीना कपूर की बेहतरीन परफॉर्मेंस ने दर्शकों और समीक्षकों से भरपूर प्रशंसा हासिल की है। फिल्म ने शुक्रवार को 1.62 करोड़ की कमाई की और शनिवार को 90 फीसदी की उछाल के साथ 2.41 करोड़ जुटाए। रविवार को इसने 2.72 करोड़, सोमवार को 1.06 करोड़ और मंगलवार को 1.01 करोड़ की कमाई की। इस प्रकार फिल्म का कुल मिलाकर बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 8.82 करोड़ पहुंच गया है।

फिल्म 'द बकिंघम मर्डर्स' 13 सितंबर 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इसमें करीना कपूर खान, अश तंडन, रणवीर ब्रार, और कीथ एलेन जैसे शानदार कलाकार शामिल हैं।

फिल्म का निर्देशन हंसल मेहता ने किया है, जबकि लेखन का कार्य आसिम अरोड़ा, कश्यप कपूर, और राघव राज कक्कड़ ने किया है। यह फिल्म महाना फिल्म्स और टीबीएम फिल्म्स द्वारा प्रस्तुत की गई है।

किरण राव की 'लापता लेडीज' अब जापान में होगी रिलीज

जियो स्टूडियोज की 'लापता लेडीज' फिल्म 100 से अधिक दिनों तक दर्शकों को सिनेमाघरों में आकर्षित करने तथा ओटीटी पर दर्शकों से प्यार और प्रशंसा बटोरने में सफल हुई है। अब यह फिल्म जापान में दर्शकों को लुभाने के लिए तैयार है, जिसकी रिलीज 4 अक्टूबर को निर्धारित है।

यह फिल्म एक ही ट्रेन में अलग हो जाने वाली दो युवा दुल्हनों के बारे में हल्की-फुल्की एक मनोरंजक कॉमेडी है। नितांशी गोयल, प्रतिभा रांटा, स्पर्श श्रीवास्तव और रवि किशन अभिनीत, लापता लेडीज जापानी दर्शकों को हंसाने और मनोरंजक कहानी से मंत्रमुग्ध करने के लिए तैयार है। निर्देशक किरण राव जापान से प्रतिक्रियाओं का बेसब्री से इंतजार कर रही हैं। अपनी खुशी को साझा करते हुए वह कहती हैं, 'मैं रोमांचित हूं कि लापता लेडीज़ जापान में रिलीज़ हो रही है। मैं जापानी सिनेमा की प्रशंसक रही हूं, मुझे हमेशा जापानी संस्कृति में गहरी दिलचस्पी रही है और मुझे उम्मीद है कि फिल्म का भावनात्मक सार जापानी दर्शकों के साथ वैसा ही जुड़ेगा जैसा कि हमारे साथ था।'

यह फिल्म आमिर खान प्रोडक्शंस और किंडलिंग प्रोडक्शंस के बैनर तले बनाई गई है, जिसकी पटकथा बिप्लब गोस्वामी की एक पुरस्कार विजेता कहानी पर आधारित है। पटकथा और संवाद स्नेहा देसाई ने, जबकि अतिरिक्त संवाद दिव्यनिधि शर्मा ने लिखे हैं।

सिनेमा लवर्स डे' पर 20 सितंबर को सिर्फ 99 रुपये में देख सकेंगे कोई भी फिल्म

बहुत से लोग सिनेमाघरों में फिल्में देखने के लिए उत्सुक रहते हैं लेकिन कभी-कभी टिकट खरीदने में सक्षम नहीं रहते हैं। ऐसे लोगों के लिए एक अच्छी खबर है। एक बार फिर दर्शकों को 99 रुपये में कोई भी फिल्म देखने का मौका मिलेगा।



नेशनवाइड मल्टीप्लेक्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने घोषणा की है कि 20 सितंबर को 'सिनेमा लवर्स डे' पर दर्शकों को 99 रुपये में कोई भी फिल्म देखने का मौका मिलेगा। 99 रुपये में मूवी देखने का ऑफर 20 सितंबर से देशभर के 4000 सिनेमाघरों में लागू है। यह ऑफर 3डी, रिक्लाइनर सिनेमा स्क्रीन पर लागू नहीं होगा।'सिनेमा लवर्स डे' से कई सिनेमाघरों को फायदा होगा। 'सिनेमा लवर्स डे' बहुप्रतीक्षित फिल्म है, जो 20 सितंबर को रिलीज होने जा रही है। केवल 99 रुपये के टिकट के साथ पहले दिन हाउसफुल रिस्पॉन्स मिलने की उम्मीद है। सिद्धांत चतुर्वेदी-राघव जुएल की फिल्म 'युधरा' हिंदी में रिलीज हो रही है। इसके अलावा कुछ दिन पहले ही रिलीज हुई थीतुम्बाड', 'द बकिंघम मर्डर' फिल्मों को भी इस ऑफर से फायदा होना तय है।

'इमरजेंसी' को लेकर चंडीगढ़ डिस्ट्रिक्ट कोर्ट का नोटिस

विवादों में फंसी बॉलीवुड एक्ट्रेस कंगना रनौत की फिल्म 'इमरजेंसी' को लेकर चंडीगढ़ डिस्ट्रिक्ट कोर्ट ने नोटिस जारी किया है। उनकी फिल्म के खिलाफ रवींद्र सिंह बस्सी ने अर्जी दाखिल कर दावा किया है कि कंगना ने अपनी फिल्म में सिख धर्म की छवि खराब करने की कोशिश की है।

कंगना रनौत की 'इमरजेंसी' 6 सितंबर को रिलीज होने वाली थी। हालांकि, फिल्म को सेंसर बोर्ड से सर्टिफिकेट मिला लेकिन रिलीज से चार दिन पहले इसे रद्द कर दिया गया। कंगना रनौत ने बयान दिया था कि इस फिल्म के लिए मैंने अपनी निजी संपत्ति दांव पर लगा दी है। इसे सिनेमाघरों में दिखाया जाना था लेकिन अब यह नहीं दिखाया जा रहा है। इस महीने की शुरुआत में ऐसी खबरें आई थीं कि कंगना ने मुंबई के बांद्रा स्थित पाली हिल स्थित एक बंगला 32 करोड़ रुपये में बेचा है।

फिल्म को लेकर कंगना रनौत को पहले भी सिख समुदाय से धमकियां मिली थीं। इसी तरह अब वकीलों ने अर्जी में कहा है कि कंगना रनौत ने 'इमरजेंसी' में सिख धर्म की गलत छवि पेश की है और समुदाय पर झूठे आरोप भी लगाए हैं। इसलिए उन्होंने इस एक्ट्रेस के खिलाफ केस दर्ज करने की मांग की है। अब इस मामले में 5 दिसंबर को कोर्ट में सुनवाई होगी। बॉलीवुड एक्ट्रेस कंगना रनौत फिल्म 'इमरजेंसी' में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का किरदार निभा रही हैं। फिल्म में उनके साथ अनुपम खेर, श्रेयस तलपड़े, विशाख नायर, महिमा चौधरी और मिलिंद सोमन भी अहम भूमिकाओं में हैं। फिल्म 'इमरजेंसी' में सतीश कौशिक अहम भूमिका में नजर आएंगे। यह उनकी आखिरी फिल्म होगी, जो उनकी मृत्यु के एक साल बाद प्रकाशित हो रहा है।

न्यूज़ ब्रीफ

राहुल गांधी पर भाजपा नेताओं के बयानों की पटवारी ने निंदा की

रायपुर। कांग्रेस की मध्यप्रदेश इकाई के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने राहुल गांधी के खिलाफ भाजपा नेताओं के बयानों की निंदा करते हुए बुधवार को कहा कि पूरा देश देख रहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी किस तरह लोकतांत्रिक मूल्यों की हत्या कर रहे हैं। पटवारी ने रायपुर हवाई अड्डे पर संवाददाताओं से कहा कि कांग्रेस गांधीवादी (महात्मा गांधी के विचारों) विचारधारा है और वह तानाशाही के खिलाफ लड़ाई जारी रखेगी। पटवारी ने कहा,'कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ जिस तरह से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता बयान दे रहे हैं, उससे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की करोड़ों रुपये खर्च करके सोशल मीडिया के जरिए उनकी (राहुल गांधी) छवि खराब करने की साजिश का पर्दाफाश हो गया है।' उन्होंने कहा, 'मोदी का एक (भाजपा) विधायक कहता है 'दादी जैसा हाल कर देंगे', दूसरा उन्हें सबसे बड़ा आतंकवादी कहता है।

मां-बेटी ने चोर को पकड़ कर किया पुलिस के हवाले

फतेहपुर। जिले में बुधवार को बहादुर मां-बेटी ने घर में घुसे चोर की मंशा को नाकाम कर दिया। महिला व उसकी बेटी ने चोर से मुकाबला करते हुए उसे रस्से से बांधकर पुलिस के हवाले कर दिया। गाजीपुर थाना क्षेत्र के शाखा गांव निवासी राम भवन रैदास बीती रात अपने रिश्तेदारी में गया था। घर में उसकी पत्नी और बेटी थीं। बताया जा रहा है कि देर रात रिमझिम बारिश के बीच सूना देखकर घर के पीछे की दीवार फांदकर तीन चोर घर के अंदर घुस आए। आहट पर घर में सो रही मां-बेटी की नींद खुली तो देखा कि दरवाजे के पास कोई खड़ा है। यह देख डरी सहमी महिला और उसकी बेटी घर के दूसरे कमरे में चली गईं। यहां पर भी दो अन्य लोग कमरे में घुसे थे। यह देख मां -बेटी ने साहस जुटाते हुए दोनों से भिड़ गई। इस दौरान शोर शराबा सुनकर आस पड़ोस के लोग मौके पर पहुंचे। लेकिन इससे पहले ही एक चोर धक्का देकर मौके से भाग गया।

भाजपा विधायक मुनिरत्न की जमानत याचिका पर अदालत ने फैसला सुरक्षित रखा

बेंगलुरु। बेंगलुरु में विधायकों/सांसदों के लिए एक विशेष अदालत ने भाजपा विधायक एन. मुनिरत्न की जमानत याचिका पर अपना आदेश बृहस्पतिवार के लिए सुरक्षित रख लिया। शिकायतकर्ता का प्रतिनिधित्व कर रहे वकील सूर्य मुकुंदराज ने बुधवार को दलील दी कि जमानत देने से सबूत नष्ट हो सकते हैं, खासकर तब जब घटना विधायक के कार्यालय परिसर में हुई हो। उन्होंने अदालत से जमानत न देने का आग्रह किया। यहां केंद्रीय कारागार में बंद मुनिरत्ना का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ वकील अशोक हरनाली ने दलील दी कि शिकायत में इस बात का विवरण नहीं है कि कथित दुर्व्यवहार कब हुआ। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया।

'एक राष्ट्र, एक चुनाव' ध्यान भटकाने का भाजपाई मुद्दा'

देश कभी स्वीकार नहीं करेगा : कांग्रेस

एजेंसी । नई दिल्ली

कांग्रेस ने बुधवार को आरोप लगाया कि 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' का विचार व्यवहारिक नहीं है और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) इसके जरिये विधानसभा चुनावों में असल मुद्दों से ध्यान भटकाना चाहती है। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने दावा किया कि देश इस विचार को कभी स्वीकार नहीं करेगा।

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को कोविंद समिति की सिफारिश के अनुसार 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' पर गठित उच्च स्तरीय समिति की रिपोर्ट बुधवार को केंद्रीय मंत्रिमंडल के समक्ष रखी गई। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली समिति ने लोकसभा चुनावों की घोषणा से पहले मार्च में रिपोर्ट सौंपी थी। खरगे ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'एक राष्ट्र, एक चुनाव केवल ध्यान भटकाने का भाजपाई मुद्दा है। यह संविधान के खिलाफ है, लोकतंत्र के प्रतिकूल है, संघवाद के विरुद्ध है। देश इसे कभी स्वीकार नहीं करेगा।' इससे पहले उन्होंने संवाददाताओं से कहा, 'यह व्यवहारिक नहीं है, चलने वाला नहीं हैचुनाव के समय जब मुद्दे नहीं मिल रहे हैं तो असल मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए इस तरह की बातें करते हैं।' कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि 'एक राष्ट्र, एक चुनाव'निर्थक विचार है।

'एक देश, एक चुनाव' के प्रस्ताव को मंजूरी अभिनंदनीय'

एजेंसी । लखनऊ

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने केन्द्रीय मंत्रिमण्डल द्वारा भारत में 'एक देश, एक चुनाव' के प्रस्ताव को मंजूरी दिये जाने का स्वागत करते हुए बुधवार को कहा कि यह कदम देश में राजनीतिक स्थिरता, सतत विकास और समृद्ध लोकतंत्र के लिहाज से 'मील का पत्थर' साबित होगा।

मुख्यमंत्री ने अपने आधिकारिक 'एक्स' हैंडल पर एक पोस्ट में कहा, 'एक समृद्ध लोकतंत्र के लिए राजनीतिक स्थिरता अत्यंत महत्वपूर्ण है। आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के यशस्वी नेतृत्व में आज केन्द्रीय मंत्रिमण्डल द्वारा एक देश, एक चुनाव के प्रस्ताव को दी गई मंजूरी अभिनंदनीय है।' उन्होंने कहा, 'देश में राजनीतिक स्थिरता, सतत विकास और समृद्ध लोकतंत्र की सुनिश्चितता में यह निर्णय 'मील का पत्थर' साबित होगा। इस युगांतरकारी निर्णय के लिए उत्तर प्रदेश की जनता की ओर से आदरणीय प्रधानमंत्री जी का हृदय से आभार! केन्द्रीय मंत्रिमण्डल ने बुधवार को कोविंद समिति की सिफारिश के अनुसार 'एक देश, एक चुनाव' के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली समिति ने लोकसभा चुनावों की घोषणा से पहले मार्च में रिपोर्ट प्रस्तुत की थी।

भाजपा ने 'लोकतंत्र की हत्या' करके उप्र में अपनी सरकार बनायी : अखिलेश

एजेंसी । लखनऊ

समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बुधवार को दावा किया कि जनता ने वर्ष 2022 में हुए उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव में ही भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से 'आजादी' पाने का इरादा कर लिया था लेकिन भाजपा ने सत्ता के दुरुपयोग के जरिये 'लोकतंत्र की हत्या' कर अपनी सरकार बना ली।अखिलेश यादव ने पार्टी मुख्यालय पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा, 'भाजपा का सबका साथ सबका विश्वास का नारा धोखा है। वर्ष 2022 में ही जनता ने भाजपा सरकार से आजादी पाने का इरादा कर लिया था, लेकिन भाजपा ने सत्ता का दुरुपयोग कर लोकतंत्र की हत्या कर सरकार बना ली। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में भाजपा को समाजवादी पार्टी ने जो सबक सिखाया उससे उसकी बौखलाहट बढ़ गई है।' उन्होंने कहा, "वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में जनता सपा की सरकार बनाने जा रही है, जनता का भरोसा सपा पर है। समाजवादी कार्यकर्ता भाजपा की हर साजिश और षड़यंत्र का मुकाबला करने के लिए अपनी पूरी चाकचौबंद तैयारी में हैं। भाजपा की झूठ, अफवाह और दुष्प्रचार की राजनीति से समाजवादी लोग मुकाबला करके भाजपा सरकार को पराजित करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।' उप्र के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, "इस समय संविधान को बचाने की लड़ाई में कोई ढील नहीं होनी चाहिए। संविधान बचेगा तो आरक्षण बचेगा। पीडीए (पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक) परिवार का विस्तार करना है। समाजवादी पार्टी समाज के हर तबके को हक और सम्मान दिलाने की पक्षधर है। इसके लिए हम जातीय जनगणना की मांग करते हैं।'

अपराध व उग्रवाद से थम जाती है विकास की रफ्तार : विधायक

एजेंसी । गुमला

शहीदों की कुर्बानी बेकार नहीं जायेगी। हमें संगठित होकर गांव और समाज के विकास के लिए आगे आना होगा। आज सरकार ग्रामीणों को उनके विकास के लिए कई योजनाओं का लाभ दे रही है। उक्त बातें विधायक जिगा सुसारन होरो ने कामडारा प्रखंड के कुरकुरा बाजार टांड़ में बुधवार को आयोजित 18वींशहादत दिवस समारोह को संबोधित करते हुये कही। उन्होंने कहा कि कुरकुरा नरसंहार की घटना में कई लोगों ने अपनी जान की कुर्बानी दी थी। तब जाकर इस इलाके में तेजी से विकास की किरण पहुंची है। इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति को रोकने की जरूरत है। क्षेत्र में अपराध व उग्रवाद से विकास का रफ्तार थम जाता है। हमें मिल कर सभ्य समाज का निर्माण करना है। इससे पूर्व विधायक जिगा सुसारन होरो ने शहीद स्मारक पत्थर पर माल्यार्पण कर शहीदों की याद में फूल बरसाये।

कौशांबी में छात्राओं से छेड़खानी, दो आरोपी गिरफ्तार

एजेंसी । कौशांबी

उत्तर प्रदेश के कौशांबी जिले के पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के एक इंटर कॉलेज में पढ़ने वाली दो छात्राओं के साथ रास्ते में तीन युवकों के छेड़खानी करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने शनिवार को बताया कि छेड़खानी करने वाले दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया गया है। कौशांबी के पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) अभिषेक सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र के एक इंटरमीडिएट कॉलेज की दसवीं कक्षा की दो छात्राओं ने थाने में शिकायत देकर आरोप लगाया कि कॉलेज से घर वापस जाते समय तीन युवकों ने रास्ते में उनके साथ छेड़खानी की। इस संबंध में थाना पश्चिम शरीरा में आरोपी संदीप दुबे, अमोल मिश्र और अरुण तिवारी के खिलाफ शनिवार को भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धारा 64/74/115(2) 352 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गयी।सीओ ने बताया कि इस मामले में दो आरोपियों संदीप दुबे व अमोल मिश्र को गिरफ्तार कर उन्हें न्यायालय भेजा गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।उन्होंने कहा कि तीसरा आरोपी अरुण तिवारी अभी फरार है और शीघ्र ही उसकी भी गिरफ्तारी की जाएगी। मामले में आवश्यक कानूनी कार्यवाही की जा रही है।

किश्तवाड़ में पीडीपी उम्मीदवार ने पुलिस पर मतदान केंद्र के अंदर मारपीट करने का आरोप लगाया

एजेंसी । किश्तवाड़

जम्मू कश्मीर में किश्तवाड़ से पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) उम्मीदवार फिरदौस अहमद टाक ने बुधवार को पुलिस पर यहां एक मतदान केंद्र में उनके साथ मारपीट करने का आरोप लगाया। टाक ने कहा कि उनके साथ मारपीट तब की गई, जब उन्होंने मतदान केंद्र पर भाजपा उम्मीदवार शगुन परिहार द्वारा महिला मतदाताओं के पहचान पत्रों की जांच करने के कथित प्रयास पर आपत्ति जतायी। किश्तवाड़ के अतिरिक्त उपायुक्त पवन कोतवाल ने कहा कि उचित कार्रवाई करने के लिए वास्तविक तथ्यों को जानने के वास्ते बागवान मतदान केंद्र पर हुई घटना की जांच के आदेश दे दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि इस घटना से मतदान अप्रभावित रहा। बागवान मतदान केंद्र सांप्रदायिक रूप से संवेदनशील माना जाता है। टाक ने कहा, 'मुझे अपने कार्यकर्ताओं से पता चला कि भाजपा प्रत्याशी मतदान केंद्र पर आई हैं और महिला मतदाताओं के पहचान पत्र की जांच करके उन्हें डरा रही हैं। यह पार्टी द्वारा मतदान में बाधा डालने का प्रयास है।' उन्होंने कहा, 'मैं वहां पहुंचा और उनसे (भाजपा उम्मीदवार) विनम्रता से पूछा कि आप मेरी बहन और बेटी की तरह हैं क्योंकि मैं आपके पिता को अपना बड़ा भाई मानता हूं और अगर आपको कोई आपत्ति है, तो पीठासीन अधिकारी को बताएं।' टाक ने दावा किया कि इस बीच भाजपा के कुछ कार्यकर्ता आए और मतदान तथा शांतिपूर्ण माहौल को बाधित करने की कोशिश की। उन्होंने आरोप लगाया, 'पुलिस ने डेढ़ घंटे तक उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की और जब मैंने विरोध किया तो एक वरिष्ठ अधिकारी ने मुझे चुप कराने के लिए धक्का दिया। जब मैंने उनसे कहा कि मैं चुनाव लड़ रहा हूं तो उन्होंने मुझे सबके सामने थप्पड़ मारा और लात मारी, जिससे साफ पता चलता है कि पुलिस भाजपा के एजेंट की तरह काम कर रही है।' भाजपा नेता जहांजैब सिरवाल ने 'खराब स्थिति' के लिए पीडीपी को जिम्मेदार ठहराया और कहा कि 'मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के तहत लोकतंत्र के उत्सव का संकेत देते हुए मतदान केंद्रों के बाहर लोगों की लंबी कतारें देखकर पार्टी के गुंडे हताश हो गए।' उन्होंने दावा किया, 'पीडीपी कार्यकर्ताओं ने बिना किसी उकसावे के भाजपा उम्मीदवार को धमकाने की कोशिश की। जम्मू कश्मीर में अपनी जमीन खो चुकी पार्टी से ऐसी ही उम्मीद की जा सकती है।'

चीन ने ताइवान को हथियार बेच रही अमेरिकी कंपनियों पर प्रतिबंधों की घोषणा की

एजेंसी । बीजिंग

चीन ने स्वशासित द्वीप ताइवान को हथियार बेच रही अमेरिकी कंपनियों पर प्रतिबंधों की बुधवार को घोषणा की। दरअसल, चीन, ताइवान को अपना हिस्सा बताता है और जरूरत पड़ने पर बल प्रयोग से इस पर कब्जा जमाने की धमकी देता है। चीन की सरकारी मीडिया ने विदेश मंत्रालय के हवाले से प्रतिबंधों की घोषणा की, लेकिन यह नहीं बताया कि किन कंपनियों पर प्रतिबंध लगाया गया है। ताइवान, अमेरिका से एफ-16 लड़ाकू विमानों, अब्राम्स टैंक और कई मिसाइलों की आपूर्ति का इंतजार कर रहा है। ताइवान पर हमला करने की चीन की धमकियां बढ़ रही हैं। हालांकि ताइवान की 23 लाख नागरिकों की आबादी अपनी वास्तविक स्वतंत्रता की वर्तमान स्थिति के पक्ष में है। औपचारिक कूटनीतिक रिश्ते न होने के बावजूद अमेरिका लंबे समय से ताइवान का प्रमुख हथियार प्रदाता है और उसकी रक्षा सुनिश्चित करने के लिए कानूनी रूप से बाध्य है। अमेरिका से हथियार खरीदने के साथ ही ताइवान अपने घरेलू हथियार उद्योग को भी पुनर्जीवित कर रहा है। चीन ने पहले भी अमेरिकी कंपनियों से ताइवान के सशस्त्र बलों के साथ सहयोग बंद करने की मांग की है।

भाजपा में अपनी छवि बनाने के लिए राहुल गांधी के खिलाफ बोल रहे रवनीत बिट्टू : सुक्खू

एजेंसी । शिमला



मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने लोकसभा में विपक्ष के नेता एवं वरिष्ठ कांग्रेस के नेता राहुल गांधी के विरूद्ध भाजपा और शिवसेना नेताओं की अपमानजनक और अनुचित भाषा शैली की कड़ी निंदा की। उन्होंने बुधवार को शिमला में कहा कि भाजपा नेताओं की इस तरह की अपमानजनक बातें भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था को ठेस पहुंचाती हैं। इस मामले में भाजपा हाईकमान को हस्तक्षेप करना चाहिए तथा ऐसी टिप्पणियों के लिए जिम्मेदार नेताओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। सुक्खू ने कहा कि मैं व्यक्तिगत तौर पर और हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से राहुल गांधी के खिलाफ इस्तेमाल की गई अभद्र भाषा की कड़ी भर्त्सना करता हूं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और देश के सम्मानित नेताओं में शुमार हैं। उनके दूरदर्शी नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी की विचारधारा देश में सामाजिक मूल्यों को सुदृढ़ कर रही है। राहुल गांधी, भाजपा नेतृत्व की केंद्र सरकार की तानाशाह नीतियों से त्रस्त लाखों लोगों की आवाज को बुलंद कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि केन्द्र सरकार में राज्य मंत्री रवनीत बिट्टू जब कांग्रेस पार्टी से सांसद थे, तो वह राहुल गांधी के प्रशंसक रहे, लेकिन सत्ता में आने के लिए उन्होंने नैतिक मूल्यों से समझौता कर लिया है।

लेबनान-सीरिया में विस्फोट

आपूर्ति से पहले ही डाला गया था विस्फोटक-विशेषज्ञ

एजेंसी । ताइपे (ताइवान)

हिज्बुल्ला के संचार नेटवर्क को निशाना बनाने के इरादे से संभवतः इजराइल द्वारा किए गए हमले के तहत लेबनान और सीरिया में जिन पेजर में विस्फोट हुए, उन्हें हंगरी की एक कंपनी ने बनाया था। ताइवानी कंपनी गोल्ड अपोलो ने बुधवार को यह जानकारी दी। गोल्ड अपोलो ने कहा कि बुडापेस्ट की एक अन्य कंपनी ने इन पेजर का निर्माण किया है, जिसे उसने पेजर पर अपने अधिकृत ब्रांड के इस्तेमाल का अधिकार दिया था। उधर, विशेषज्ञों का मानना है कि इन पेजर में आपूर्ति से पहले ही विस्फोटक सामग्री डाली गई थी। आतंकवादी संगठन हिज्बुल्ला द्वारा इस्तेमाल पेजर में मंगलवार को लेबनान और सीरिया में एक साथ विस्फोट हुए। इस घटना में दो बच्चों समेत कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई और करीब 3,000 लोग घायल हो गए। हिज्बुल्ला और लेबनान की सरकार ने इस हमले के लिए इजराइल पर आरोप लगाया है। ऐसा प्रतीत होता है कि यह एक रिमोट हमला था। एक अमेरिकी अधिकारी ने नाम न जाहिर करने की शर्त पर बताया कि इजराइल ने मंगलवार को हमले के बाद अमेरिका को जानकारी दी थी। पेजर में कम मात्रा में विस्फोटक छिपाकर रखा गया था और फिर उसमें विस्फोट किया गया था। पिछले साल आठ अक्टूबर को इजराइल पर फलस्तीनी गुट हमास के हमले के बाद से हिज्बुल्ला और इजराइली सेना के बीच लगभग रोजाना गोलीबारी हो रही है। अबतक इन गोलीबारी और हमलों में लेबनान में सैकड़ों लोग मारे गए हैं, जबकि इजराइल में भी दर्जनों लोगों की जान गई है। इस संघर्ष में सीमा के दोनों ओर हजारों लोगों को विस्थापित होना पड़ा है। हिज्बुल्ला ने मंगलवार को किए गए हमले के लिए इजराइल को दोषी ठहराया है। इस हमले ने साथ ही इस आशंका को फिर से जन्म दे दिया कि दोनों दुश्मनों के बीच नए सिरे से वृहद पैमाने पर युद्ध हो सकती है। समय-समय पर तनाव बढ़ने के बावजूद, दोनों पक्षों ने अब तक सावधानी से युद्ध को टाला है, लेकिन इजराइली नेताओं ने हाल के हफ्तों में कई चेतावनियां जारी की हैं कि वे लेबनान में हिज्बुल्ला के खिलाफ अभियान तेज कर सकते हैं। ताइवानी कंपनी गोल्ड अपोलो द्वारा बुधवार को जारी एक बयान के अनुसार, एआर-924 पेजर का निर्माण बीएसी कंसल्टिंग केएफटी ने किया था, जो हंगरी की राजधानी में स्थित है। बयान में कहा गया है, 'सहयोग समझौते के अनुसार हमने बीएसी को निर्दिष्ट क्षेत्रों (लेबनान और सीरिया) में उत्पाद की बिक्री के लिए हमारे ब्रांड के ट्रेडमार्क का इस्तेमाल करने का अधिकार दिया था, लेकिन उत्पाद के निर्माण के लिए सिर्फ बीएसी जिम्मेदार है।' गोल्ड अपोलो के अध्यक्ष सु चिंग-कुआंग ने बुधवार को पत्रकारों से कहा कि उनकी कंपनी का पिछले तीन साल से बीएसी के साथ लाइसेंस समझौता है।

आस-पास मौजूद लोग दहशत में

मंगलवार को अपराह्न करीब साढ़े तीन बजे लोग जब दुकानों पर खरीदारी कर रहे थे, कैफे के अंदर बैठे थे या फिर कारों और मोटरसाइकिल से वहां से जा रहे थे, तभी उनके हाथ में या पॉकेट में रखे पेजर गर्म होने लगे और उनमें विस्फोट हो गया। इस घटना में हर ओर खून के छींटे नजर आ रहे थे और आस-पास मौजूद लोग दहशत में थे। ऐसा प्रतीत होता है कि हमले में घायल अधिकतर हिज्बुल्ला के सदस्य या उससे जुड़े लोग थे, लेकिन तत्काल यह स्पष्ट नहीं हुआ है कि क्या किसी गैर हिज्बुल्ला सदस्य के पास भी ये विस्फोटक पेजर थे। लेबनान के सुरक्षा अधिकारियों और हिज्बुल्ला के अधिकारी के अनुसार विस्फोट मुख्यतः उन इलाकों विशेषकर बेरूत उपनगर और पूर्वी लेबनान के बेका क्षेत्र के साथ दमिश्क में हुए, जहां संगठन की मजबूत उपस्थिति मानी जाती है।

कई घायलों की आंखों में गंभीर चोट

हिज्बुल्ला अधिकारी ने नाम नहीं जाहिर करने की शर्त पर यह जानकारी दी। हिज्बुल्ला ने इस हमले के लिए इजरायल को जिम्मेदार ठहराया है। उसने बुधवार की सुबह एक बयान में कहा कि वह पहले की तरह इजराइल के खिलाफ अपने सामान्य हमले जारी रखेगा, जिन्हें वह अपने सहयोगी हमास और गाजा में फलस्तीनियों के समर्थन में किया गया हमला बताता है। बुधवार सुबह अस्पतालों का दौरा करने के दौरान लेबनान के स्वास्थ्य मंत्री फिरास अबियाद ने कहा कि कई घायलों की आंखों में गंभीर चोट आई है और कई अन्य के अंग काटने पड़े। पत्रकारों को अस्पताल के कमरों में घुसने या मरीजों को फिल्माने की अनुमति नहीं थी। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि घायलों को क्षेत्र के सभी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है, ताकि किसी एक अस्पताल पर बोझ नहीं पड़े। उन्होंने कहा कि तुर्किये, इराक, ईरान, सीरिया और मिस्र ने मरीजों के इलाज में मदद की पेशकश की है। अबियाद ने बताया कि इससे पहले बुधवार को 15 टन दवाओं और चिकित्सा उपकरणों के साथ एक इराकी सैन्य विमान बेरूत में उतरा था। कंपनी के मुताबिक, पेजर में लगी बैटरी 85 दिन तक चल सकती है। यह लेबनान में महत्वपूर्ण है, क्योंकि सालों से जारी आर्थिक संकट की वजह से बिजली कटौती आम हो गई है। पेजर मोबाइल फोन की तुलना में एक अलग वायरलेस नेटवर्क पर भी चलते हैं, जो उन्हें आपात स्थिति में अधिक लचीला बनाता है -यही कारण है कि दुनिया भर में कई अस्पताल अभी भी उन पर भरोसा करते हैं।